दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



अनुपम और रवि........ | दर्शकों को दिया ........

वर्ष : 12 | अंक : 15 | लखनऊ, 06 जनवरी, मंगलवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### भाजपा नेता सोम को बांग्लादेश से धमकी

मेरठ। पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता ठाकुर संगीत सोम को बांग्लादेश से धमकी मिलने का



सनसनीखेज मामला सामने आया है। धमकी भरे फोन कॉल, मैसेज और वीडियो कॉल मिलने के बाद उन्होंने सरधना थाने में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है।

### लालू यादव की याचिका पर सीबीआई से मांगा जवाब


नई दिल्ली। आईआरसीटीसी घोटाला मामले में आरोप तय करने के निर्णय के खिलाफ पूर्व रेल मंत्री




लालू प्रसाद यादव की अपील याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने सीबीआई से जवाब मांगा है। कोर्ट ने सीबीआई को नोटिस जारी कर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। इस मामले पर अगली सुनवाई 14 जनवरी को होगी।

### प्रतिका की ग्रोक से फोटो एडिट न करने की अपील


नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल ने सोशल मीडिया पर



खास अपील करते हुए अपनी प्राइवेसी को बनाए रखने की बात की है। प्रतिका ने ये अपील एलन मस्क के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के एआई ग्रोक से की है। प्रतिका की बात पर ग्रोक ने कहा कि मैं समझ गया प्रतिका।

### सड़क हादसों में 6 लोगों की मौत, 14 घायल

जयपुर। राजस्थान में दो अलग-अलग सड़क हादसों में छह लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य



घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार रविवार देर रात जालोर जिले में राजमार्ग पर स्लीपर बस पलटने से एक बुजुर्ग दंपत्ति समेत तीन लोगों की मौत हो गई।

## किसानों को महंगाई से बचाने मोदी सरकार ने दी बड़ी राहत

# रबी सीजन के लिए उर्वरक सब्सिडी बढ़ाकर 37952 करोड़ की, डीएपी पर विशेष ध्यान

केंद्र सरकार का यह कदम न केवल बुवाई के आगामी सीजन में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा, बल्कि मृदा स्वास्थ्य को संतुलित बनाए रखने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण नीतिगत पहल है

## सब्सिडी खरीफ सीजन के मुकाबले 736 करोड़ रुपए अधिक

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

वैश्विक बाजार में कच्चे माल की कीमतों में अनिश्चितता और किसानों को महंगाई से बचाने के उद्देश्य से पीएम मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने रबी सीजन 2025-26 के लिए उर्वरक सब्सिडी में बढ़ोतरी की है। सरकार ने इस सीजन के लिए 37,952 करोड़ रुपए की अनुमानित उर्वरक आवश्यकता तय की है, जो खरीफ 2025 सीजन के मुकाबले करीब 736 करोड़ रुपए अधिक है। यह कदम न केवल बुवाई के आगामी सीजन में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा, बल्कि मृदा स्वास्थ्य को संतुलित बनाए रखने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण नीतिगत पहल है। सरकार ने रबी सीजन 2025-26 के लिए पोषक तत्व-आधारित सब्सिडी (एनबीएस) दरों को मंजूरी दे दी है, जो 1 अक्टूबर, 2025 से 31 मार्च, 2026 तक प्रभावी रहेंगी और इसमें फॉस्फेटिक और पोटैशिक (पी और के) उर्वरक शामिल हैं, जिनमें डीएपी और एनपीकेएस ग्रेड भी शामिल हैं।

सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में उर्वरकों और कच्चे माल की अस्थिर कीमतों को देखते हुए की गई है। किसानों पर लागत का बोझ न पड़े, इसके लिए सरकार ने पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) योजना के तहत सब्सिडी दरों में, विशेषकर डाय-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) के लिए, भारी वृद्धि की है।

### डीएपी सब्सिडी में भारी बढ़ोतरी



अमृतसर में किसान अपने खेत में उर्वरक का छिड़काव करता हुआ

**डीएपी सब्सिडी बढ़ाकर 29,805 रुपए प्रति टन कर दी गई**

डीएपी पर सब्सिडी पिछले वर्ष के 21,911 रुपए प्रति टन से बढ़ाकर 29,805 रुपए प्रति टन कर दी गई है। इस निर्णय का सीधा लाभ गेहूं, तिलहन और दालों की खेती करने वाले किसानों को मिलेगा, क्योंकि रबी सीजन इन फसलों की बुवाई का मुख्य समय होता है। सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पीक सीजन के दौरान किसानों को किफायती दरों पर उर्वरक उपलब्ध होते रहें।

**अधिक उर्वरक से मिट्टी की सेहत बिगड़ती है**

वर्षों तक नाइट्रोजन युक्त उर्वरकों के असंतुलित प्रयोग ने कई क्षेत्रों में मिट्टी की सेहत को खराब किया है और उपज में वृद्धि को सीमित कर दिया है। एनबीएस योजना द्वितीयक और सूक्ष्म पोषक तत्वों (माइक्रोन्यूट्रिएंट्स) के उपयोग को बढ़ावा देकर मृदा क्षरण और पोषक तत्वों के असंतुलन की समस्या का समाधान करती है।

### एनबीएस योजनाः संतुलित खेती की ओर बड़ा कदम

पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एबीएस) योजना, जिसे भारत सरकार ने 1 अप्रैल 2010 से लागू किया था। एनबीएस ढांचा उर्वरकों में मौजूद पोषक तत्वों- नाइट्रोजन (एन), फॉस्फोरस (पी), पोटाश (के) और सल्फर (एस)- के आधार पर सब्सिडी तय करता है। इस नीति का मुख्य उद्देश्य किसानों को संतुलित मात्रा में उर्वरकों का उपयोग करने के लिए प्रेरित करना है।

**उत्पादकता में वृद्धि हुई**

सरकार के अनुसार एनबीएस योजना के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। देश में खाद्यान्न उत्पादकता, जो 2010-11 में 1,930 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर थी, वह 2024-25 में बढ़कर 2,578 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर हो गई है। यह वृद्धि मोटे तौर पर एनबीएस योजना के विस्तार की अवधि के साथ मेल खाती है। दूसरी ओर घरेलू उत्पादन के मोर्चे पर भी भारत ने महत्वपूर्ण प्रगति की है।

### तीन वर्षों में सब्सिडी 2.04 लाख करोड़ रुपए

केंद्र सरकार ने 2022-23 और 2024-25 के बीच राष्ट्रीय उर्वरक प्रणाली (एनबीएस) सब्सिडी के लिए 2.04 लाख करोड़ रुपए से अधिक का आवंटन किया गया है, जिससे किसानों को किफायती दरों पर उर्वरक उपलब्ध हो सके हैं। उच्च पैदावार, बेहतर मृदा स्वास्थ्य और आयात पर कम होती निर्भरता इस खर्च को उचित ठहराती है। रबी सीजन के लिए बढ़ी हुई सब्सिडी न केवल किसानों को वैश्विक महंगाई से राहत देगी, बल्कि यह भारतीय कृषि को वैज्ञानिक और संतुलित खेती की ओर ले जाने की सरकार की दीर्घकालिक रणनीति का भी हिस्सा है।

## मेनका गांधी का विवादित बयान

# पटाखों का इस्तेमाल करने वाले देशद्रोही, दिवाली से ही प्रदूषण

पूछा, भगवान राम और सीता की वापसी पर क्या आतिशबाजी की गई थी?



पूर्व मंत्री मेनका गांधी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी ने दिल्ली में वायु प्रदूषण को लेकर बहुत ही विवादास्पद बयान दिया है। उन्होंने पटाखा जलाने वालों को देशद्रोही कह दिया है और साथ ही इस समस्या के लिए सुप्रीम कोर्ट को दोषी ठहरा दिया है। मेनका गांधी ने कहा कि पराली या गाड़ियों से प्रदूषण की बात झूठी है, क्योंकि दिवाली के तीन दिन पहले तक हवा साफ थी। उन्होंने ग्रीन पटाखों की इजाजत देने को लेकर सुप्रीम कोर्ट की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि ग्रीन पटाखे नाम की कोई चीज नहीं होती है। भाजपा नेता सवाल किया कि क्या जब भगवान राम और सीता वनवास से वापस आए थे तब क्या आतिशबाजी की गई थी? मेनका गांधी ने दिवाली पर होने वाली आतिबाजी को दिल्ली के प्रदूषण के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार बताया।

### दिवाली से पहले तक साफ थी हवा

मेनका गांधी ने कहा कि दिवाली के दिन, दशहरे के दिन, शादियों पर, नए साल पर, क्रिकेट मैच के दौरान या किसी अन्य दिन वे लोग पटाखे जलाते हैं नतीजतन हम सांस नहीं ले पाते हैं। उन्होंने कहा कि देश में हम अन्य चीजों पर दोष डालते हैं कि कोई खेतों को जला रहा है, गाड़ियों की समस्या है लेकिन ये सब झूठ है। क्योंकि दिवाली के तीन दिन पहले तक हवा एक दम साफ होती है और दिवाली से लेकर नए साल तक हम सांस नहीं ले पाते हैं... सिर्फ दिवाली के दिन यदि 800 करोड़ के पटाखे केवल दिल्ली में उड़ाए जाएं तो उसका नतीजा क्या होगा? उन्होंने कहा कि जब तक बारिश नहीं होती तब तक यह जहरीली हवा नहीं जाएगी। बारिश आएगी भी तो क्या होगा वह सारा जहरीला रसायन जमीन में चला जाएगा। जमीन जहरीली हो जाएगी।

### सुप्रीम कोर्ट ने गलत आदेश दिया

मेनका गांधी ने सर्वोच्च अदालत से भी नाराजगी जाहिर की और कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने फिर एक गलत आदेश दिया। आदत सी बन गई है उनकी मनमाने आदेश की। उन्होंने कह दिया कि ग्रीन पटाखे उड़ाओ। ग्रीन पटाखा नाम की कोई चीज नहीं होती है। या तो बैन करो या कहो कि सब लोग मर जाओ या हायहाय करते रहो। जो लोग सबसे ज्यादा पटाखों का इस्तेमाल करते हैं वही कहते हैं कि सरकार क्या कर रही है। मेनका गांधी ने कहा कि भगवान राम सीता के वक्त फटाखे होते थे? जब आए तो दीए ही जल रहे थे न। वह भी मालूम नहीं जल रहे थे या पता नहीं तेल होता था या नहीं। लेकिन पटाखे तो नहीं थे।

# शिवराज ने हल्दी की टेस्टिंग लैब खोलने का किया ऐलान

## केंद्रीय कृषि मंत्री ने तमिलनाडु के ईरोड में किसानों-कामगारों से किया संवाद

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ईरोड की प्रसिद्ध हल्दी मंडी का दौरा किया और हल्दी उत्पादक किसानों व व्यापारियों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने हल्दी शहर के रूप में चर्चित ईरोड में टेस्टिंग लैब स्थापित करने की घोषणा करते हुए आईसीएआर को आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि इससे हल्दी की गुणवत्ता जांच, प्रमाणीकरण और बेहतर विपणन में किसानों को सहायता मिलेगी। चौहान ने कहा कि विकसित भारत–जी राम जी कानून स्वावलंबी गांवों के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ईरोड में कामगारों और श्रमिकों से संवाद के दौरान केंद्रीय मंत्री ने इस महत्वाकांक्षी योजना के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने ईरोड में हल्दी बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना के विषय में भी आश्वासन दिया।



हल्दी की फसल का अवलोकन करते केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान

### निर्यात के नए अवसर प्राप्त होंगे

मंत्री चौहान ने कहा कि यह विषय वाणिज्य मंत्रालय से संबंधित है, लेकिन कृषि मंत्री होने के नाते वह स्वयं इस संबंध में पहल करेंगे। उन्होंने बताया कि इससे हल्दी किसानों को नीतिगत सहयोग, बाजार तक बेहतर पहुंच और निर्यात के नए अवसर प्राप्त होंगे। चौहान ने कहा कि ईरोड क्षेत्र में कोल्ड स्टोरेज की आवश्यकता अत्यंत महत्वपूर्ण है। केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत कोल्ड स्टोरेज स्थापित किया जा सकता है।

### तस्करी से लाई जा रही हल्दी पर लगाएंगे रोक

मंत्री ने तस्करी के जरिए लाई जा रही हल्दी पर रोक लगाने का भी आश्वासन दिया और कहा कि इन सभी विषयों पर दिल्ली में बैठक कर ठोस समाधान निकाला जाएगा। उन्होंने अच्छी गुणवत्ता के बीज को कृषि की बुनियाद बताते हुए आईसीएआर के माध्यम से आवश्यक बीज विकास पर जोर दिया। केंद्रीय मंत्री ने कृषि क्षेत्र में हो रहे नवाचारों का भी अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कृषि उत्पादों के 100 से अधिक स्टॉलों का निरीक्षण किया।

## गृह मंत्री शाह ने अरंगनाथ मंदिर में की पूजा



तिरुचिरापल्ली। तमिलनाडु की अपनी दो दिवसीय यात्रा के अंतिम दिन सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के तमिलनाडु चुनाव प्रभारी पीयूष गोयल के साथ तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली जिले के श्रीरंगम में अरुलमिगु अरंगनाथ स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने तिरुवनैकवल स्थित प्राचीन श्री जंबुकेश्वर-अकिलन्देश्वरी मंदिर में दर्शन किए। इसके बाद उन्होंने मन्नारपुरम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के महिला मोर्चा द्वारा आयोजित भव्य पोंगल उत्सव में भाग लिया। चावल, दाल, गुड़ और घी से तैयार मीठा व्यंजन पोंगल 1,008 सजे बर्तनों में पकाया गया था।

## पश्चिम बंगाल की सीएम बेनर्जी की दो टूक

# एसआईआर के दौरान 'अमानवीय' आचरण के खिलाफ अब मैं अदालत का रुख करूंगी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने सोमवार को कहा कि वह राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान किए गए 'अमानवीय' आचरण के खिलाफ अदालत का रुख करेंगी। दक्षिण 24 परगना जिले के सागर द्वीप में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया से जुड़े भय, उत्पीड़न और प्रशासनिक मनमानी के कारण कई लोगों की मौत हुई है और कई लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है।



सीएम ममता बेनर्जी

### नामों को मनमाने ढंग से हटाया

सीमए बेनर्जी ने आरोप लगाया कि बिना वैध कारणों के मतदाता सूची से नामों को 'मनमाने ढंग से' हटाया जा रहा है, जिससे विधानसभा चुनावों से पहले एक नियमित प्रशासनिक प्रक्रिया डर पैदा करने वाली प्रक्रिया बन गई है। गंभीर रोग से ग्रसित लोगों और बुजुर्ग नागरिकों को यह साबित करने के लिए लंबी कतारों में खड़े होने के लिए मजबूर किया।

### एसआईआर आशा की किरणः शुभेंदु

पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखकर मतदाता सूची के एसआईआर को 'निडरतापूर्वक' जारी रखने का आग्रह किया। पश्चिम बंगाल की जनता ने एसआईआर को आशा की किरण के रूप में देखा है।

## भारत में साइबर ठगीः आम जनता की गाढ़ी पसीने की कमाई स्वाह

# 6 साल में 52,976 करोड़ से ज्यादा की धोखाधड़ी, निवेश स्कैम बड़ा खतरा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

भारत में साइबर अपराध और ठगी के मामलों ने बीते कुछ वर्षों में खतरनाक रफ्तार पकड़ ली है। गृह मंत्रालय के अधीन भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) के ताजा आंकड़ों के अनुसार, पिछले छह वर्षों में देशभर में अलग-अलग तरह की धोखाधड़ी और ठगी से 52,976 करोड़ से अधिक की रकम का नुकसान हुआ है। इसमें निवेश स्कैम, डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन ठगी, बैंकिंग फ्रॉड और साइबर फिशिंग जैसे मामले शामिल हैं। नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के आंकड़ों के मुताबिक, सिर्फ 2025 में ही लोगों ने करीब 19,812.96 करोड़ गंवाए और 21,77,524 से ज्यादा ठगी से जुड़े मामले दर्ज किए गए। इससे पहले 2024 में 22,849.49 करोड़ का नुकसान हुआ था।

## महाराष्ट्र राज्य में सर्वाधिक 3,203 करोड़ का नुकसान

**2025 में करीब 21 करोड़ साइबर फ्रॉड शिकायतें दर्ज**

### शहरी इलाकों में अधिक ठगी हो रही



साइबर ठग

शहरी और डिजिटल रूप से जुड़े इलाकों में ठगों की गतिविधियां ज्यादा देखने को मिल रही हैं। कुल 19,812 करोड़ में से 77% रकम फर्जी निवेश योजनाओं के नाम पर गंवाई गई। इसके अलावा 8% डिजिटल अरेस्ट स्कैम, 7% क्रेडिट कार्ड फ्रॉड, 4% सेक्सटॉर्शन, 3% ई-कॉमर्स फ्रॉड और 1% एप या मालवेयर आधारित ठगी से जुड़ी रही।

**विदेशों से जुड़े ठगी के तार**

सिटिजन फाइनेंशियल साइबर फ्रॉड रिपोर्टिंग एंड मैनेजमेंट सिस्टम के अनुसार, 2025 में करीब 21 करोड़ साइबर फ्रॉड शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से 45% शिकायतें दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों- कंबोडिया, म्यांमार और लाओस से जुड़ी पाई गईं। 36% निवेश धोखाधड़ी, 27% क्रेडिट कार्ड फ्रॉड, 18% सेक्सटॉर्शन से जुड़ी हैं।

### 5 राज्यों में हुए सबसे ज्यादा साइबर फ्रॉड

राज्यवार विश्लेषण में महाराष्ट्र साइबर ठगी से सबसे ज्यादा प्रभावित रहा। राज्य में 3,203 करोड़ का नुकसान हुआ और 28,33,20 शिकायतें दर्ज की गईं। इसके बाद कर्नाटक में 2,413 करोड़ और 21,32,28 शिकायतें, तमिलनाडु में 1,897 करोड़ और 12,32,90 शिकायतें सामने आईं। यूपी में 1,443 करोड़ की ठगी और 27,52,64 शिकायतें दर्ज हुईं, जबकि तेलंगाना में 1,372 करोड़ के नुकसान के साथ करीब 95,000 मामले सामने आए।

## पीजीआई में दुर्लभ सिवेट बिल्ली मिली, रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ी गई

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (पीजीआई) में रविवार देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब पल्मोनरी वार्ड बिल्डिंग की तीसरी मंज़िल स्थित वेटिंग हॉल में एक दुर्लभ प्रजाति की भारतीय सिवेट बिल्ली दिखाई दी। कर्मचारियों द्वारा सूचना दिए जाने पर सुरक्षा व्यवस्था तुरंत सक्रिय हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुरक्षा गार्ड ने रात करीब 1 बजे कंट्रोल रूम को सूचना दी। इसके बाद अन्य सुरक्षा कर्मी मौके पर पहुंचे और वन्यजीव रेस्क्यू टीम को बुलाया गया। रेस्क्यू टीम के सदस्य इरशाद ने सावधानीपूर्वक कार्रवाई करते हुए सिवेट बिल्ली को बिना किसी नुकसान के सुरक्षित पकड़ लिया। रेस्क्यू के बाद बिल्ली को गौतम खेड़ा जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया। पूरी प्रक्रिया के दौरान किसी भी व्यक्ति को चोट नहीं आई। रेस्क्यू करने वाले इरशाद ने बताया कि भारतीय सिवेट बिल्ली एक रात्रिचर स्तनधारी है, जो पर्यावरण संतुलन में अहम भूमिका निभाती है। यह चूहों की आबादी नियंत्रित करने और बीजों के प्रसार में सहायक होती है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस प्रजाति को नुकसान पहुंचाना या अवैध रूप से पकड़ना कानूनी अपराध है।

## ई-रिक्शा की टक्कर से घायल युवक के मामले में मां ने कराया रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बन्थरा थाना क्षेत्र में बीते दिनों ई-रिक्शा की ठोकर से घायल हुए युवक के मामले में उसकी मां ने बंथरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बंथरा के खुरुमपुर निवासी सावित्री देवी के मुताबिक उनका बेटा साहिल कुमार 25 दिसंबर की शाम करीब 7 बजे अपनी खड़ी मोटरसाइकिल के पास खड़ा था, तभी तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में साहिल गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर हालत में उसे दुग्गा थाना क्षेत्र के अंधे की चौकी के पास स्थित न्यू बालाजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों को उसका एक हाथ काटना पड़ा। जबकि चिकित्सकों ने साहिल के दोनों पैरों में गंभीर फ्रैक्चर बताया है।

# समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत राजबिजली पासी वार्ड के सेक्टर-ओ, मानसरोवर योजना में सोमवार को समाजवादी पार्टी सरोजनी नगर विधानसभा की मासिक बैठक आयोजित की गयी। विधानसभा अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का संचालन शशिलेन्द्र यादव ने किया। बैठक में सपा जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत और जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत और जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान ने एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) के प्रथम चरण में किए गए कार्यों की सराहना करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि 6 जनवरी से 27 फरवरी तक चल रहे एसआईआर के दूसरे चरण में प्रत्येक बूथ पर एएसडी सूची का गहन निरीक्षण कर अधिक से अधिक मतदाताओं के नाम सुरक्षित रखने और नए मतदाता जोड़ने का कार्य प्राथमिकता के साथ किया जाए। इसके लिए सभी कार्यकर्ता आपसी समन्वय और सहयोग से कार्य करें।

बैठक में कुमार दुर्गेश सिंह यादव सोनू ने कहा कि मतदाता सूची ही किसी भी चुनाव का सबसे मजबूत हथियार होती है। यदि पार्टी कार्यकर्ता मतदाता सूची में अपने समर्थकों के नाम सुरक्षित कराने और नए मतदाता जोड़ने में सफल होते हैं, तभी चुनाव में जीत संभव है। उन्होंने सेक्टर प्रभारी, बूथ प्रभारी एवं बीएलए-2 से अपील की कि एसआईआर के इस चरण में पूरी मजबूती और गंभीरता से कार्य करें, जिससे कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी मजबूती के साथ चुनाव लड़ सके और पीडीए की सरकार बनाने का लक्ष्य पूरा हो सके।

बैठक में वरिष्ठ नेता रामप्रकाश यादव, हरिशंकर यादव, राम औतार धीमान, विनोद शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष बचान सिंह यादव, अनिल पासी, रीतू अग्रवाल, ललिता राजपूत, पार्षद पति प्रमोद यादव, सुनील रावत, केशव रावत, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मनोज पाल, मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष ज्ञानू यादव, कस्तूब तिवारी, दिनेश सिंह, संदीप पटेल, आशीष कुमार यादव, हरिपाल यादव, अजीत यादव, इंद्रेश यादव, राजू रावत, अनवर अंसारी, रईस अहमद, शिवम यादव गोलू, अवशेष कश्यप सहित जोन प्रभारी, सेक्टर प्रभारी और काफी संख्या में बीएलए-2 मौजूद रहे।

# भरोसे की गर्माहट: विधायक राजेश्वर ने बांटे 10 हजार कम्बल

### डॉ. राजेश्वर सिंह का संकल्प: अंतिम व्यक्ति तक ठंड से राहत, कोई असहाय न रहे

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। कड़ाके की ठंड के बीच सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र में जनसेवा की एक नई गर्माहट देखने को मिली। सोमवार को भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने अपने आशियाना स्थित आवास पर वृहद कंबल वितरण अभियान संचालित किया। इस दौरान सभी 6 मंडलों के 150 से अधिक पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं और समाज के प्रबुद्धजनों को 10 हजार कंबल प्रदान किए गए, ताकि वे इन्हें क्षेत्र के जरूरतमंदों तक पहुंचा सकें। गौरतलब है कि विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा हर साल दिसंबर के महीनों में प्रत्येक वर्ष यह वृहद अभियान चलाया जाता है। इस वर्ष अब तक विधायक द्वारा 25 हजार से अधिक कंबल वितरित किए जा चुके हैं। अभियान की सबसे खास विशेषता यह है कि इसमें पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ तारा शक्ति केंद्र संचालिकाओं एवं समाज के जागरूक नागरिकों को भी जोड़ा गया है, जिससे यह जनआंदोलन का रूप ले रहा है। इस सम्बन्ध में विधायक का स्पष्ट संकल्प है कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति भी इस प्रचंड ठंड में अकेला या असहाय न रहे। इस अवसर पर विधायक द्वारा पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थित कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद कर जनसमस्याओं को सुना गया तथा उनके समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान विधायक ने सरेंयां, चंद्रावल निवासी मेधावी छात्रा पल्लवी गौतम को लैपटॉप प्रदान कर सम्मानित भी किया। यह अभियान सरोजनीनगर में सेवा, संवेदना और सामाजिक दायित्व के प्रति विधायक की निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

# श्री राम वॉरियर्स बुढवां ने मेजबान स्टेडियम पर लहराया परचम

### सहारा राइजिंग स्टार ने जीता मैच अन्वी हॉस्पिटल कानपुर हुई बाहर

अमन लेखनी समाचार




अमौली, फतेहपुर। जनपद में प्रांतीय स्तर चल रहा आईपीएल क्रिकेट लीग मैच के चौथे दिन प्रथम पाली पर श्री राम वॉरियर्स बुढ़वां तथा आर्मी सुपर किंग्स फतेहपुर के बीच मैच संपन्न हुआ मैच का शुभारंभ बीएनयू महाविद्यालय जहानाबाद के प्रबंधक विवेक उत्तम द्वारा किया गया टॉस जीत कर श्री राम वॉरियर्स ने आर्मी सुपर किंग्स को बैटिंग करने के लिए आमंत्रित किया जहां निर्धारित 15 ओवर में टीम ने 121 रन का लक्ष्य खड़ा किया वहीं प्रति उत्तर में श्रीराम वॉरियर्स टीम ने 13.3 ओवर में ही 127 रन बनाकर आठ विकेट से जीत हासिल की विजेता टीम के गोलू पाल ने तीन ओवर में 11 रन बनाते हुए तीन विकेट हासिल किया जिसका उत्कृष्ट प्रदर्शन देखते हुए मैन ऑफ द मैच आईपीएल कोर कमेटी के अध्यक्ष पंडित सर्वेश तिवारी द्वारा क्रिकेटर को दिया गया वहीं दूसरी पाली का मैच सहारा राइजिंग स्टार कानपुर तथा अन्वी हॉस्पिटल कानपुर के बीच खेला गया मैच का उद्घाटन समाजसेवी नेता देवकांत उत्तम द्वारा किया गया सहारा राइजिंग स्टार ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 159 रन बनाए वहीं प्रति उत्तर में खड़ी टीम अन्वी हॉस्पिटल ने अथक प्रयास के बाद मात्र 70 रन हासिल करते हुए पराजय स्वीकार की विजेता टीम के खिलाड़ी जीतू ने तीन ओवर में 26 रन बनाकर तीन विकेट हासिल किया जिसके उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए मैच के उद्घाटन कर्ता समाजसेवी देवकांत उत्तम एवं कोर कमेटी के अध्यक्ष द्वारा मैन ऑफ द मैच से खिलाड़ी को पुरस्कृत किया गया इस मौके परआरपी एल कोर कमेटी के अध्यक्ष सर्वेश तिवारी उपाध्यक्ष अविराम मिश्रा महेंद्र वर्मा अभिषेक बाजपेई ग्राम प्रधान सनोज कुमार राजेश उत्तम मुकुल तिवारी विराट शुक्ला मोहम्मद हसन मोहम्मद अहसान भूरा गिहार समेत भारी संख्या में दर्शक गण मौजूद रहें

## तीन माह पूर्व हुए गोली कांड के मामले में पुलिस ने पांचवें आरोपी को किया गिरफतार

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर- नगर में तीन माह पूर्व हुए गोलीकांड के मामले में कोतवाली पुलिस ने पांचवें आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी की पुलिस महीनों से तलाश कर रही थी अवगत हो कि 29 सितंबर को नगर के तहसील मार्ग पर स्थित एक बाइक सर्विसिंग सेंटर पर काम कर रहे आतिश पर बाइक सवार 4-5 युवको ने मारपीट कर उसे गोली मार दी थी जिससे अतीश गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस घटना के बाद घायल अतीश के भाई स्वतंत्र कुमार की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने नीरज पुत्र नोखे लाल निवासी रागौल, बाबू पुत्र रहमान निवासी ममाचा, निहाल उद्दीन पुत्र कमाल नि0 हैदरगंज, सलमान माचा व दिलावर उर्फ रईस पुत्र हफीज निवासी रगौल के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर 24 सितंबर को आरोपी नीरज, बाबू व निहाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था जबकि सलमान ने 11 दिसंबर को कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया था।

# एडीएम की अध्यक्षता में समाधान दिवस का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता एडीएम ज्योति गौतम ने की समाधान दिवस पर 68 शिकायतें आई जिसमें 7 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।



समाधान दिवस पर शिकायत सुनते अफसर

समाधान दिवस पर रहीमाबाद थाना क्षेत्र के मोहज्जीपुर निवासी एडवोकेट विमलेश कुमार ने रहीमाबाद थाने में तैनात दरोगा उमेश यादव पर आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र देकर बताया है कि उसकी भूमि गाटा संख्या 211है, उसी के बगल में गाटा संख्या 224 जो चकमार्ग में दर्ज है। उसी चकमार्ग भूमि पर विपक्षी नंदलाल उसके बेटे मुकेश ने चकमार्ग पर अवैध कब्जा कर लिया जिस कारण लोगों को खेतों में आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसकी शिकायत उसने बीते 29 दिसंबर को रहीमाबाद थाने पर की थी। उसके बाद 2 जनवरी को हल्के के दरोगा उमेश यादव ने दोनों पक्षों को थाने बुलाया था। जहां पर हल्के के दरोगा उमेश यादव ने कहा कि वह वहां सही काबिज है.वह उस जमीन पर कुछ भी कर सकता है। दरोगा उमेश यादव ने एडवोकेट विमलेश से अभद्रता करते हुए धमकी दी कि इतने मुकदमें लगाऊंगा की सारी वकालत भूल जाएगा। और सारी उम्र जमानत के लिए न्यायालय के चक्कर कटता फिरता रहेगा। वहीं माल के पकरा बाजार निवासी भालूराम ने शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव में घूर गड्ढे की भूमि पर ग्राम प्रधान द्वारा सरकारी राशन गल्ले की दुकान बनाने की अनुमति दी जा रही है। क्योंकि वहां पर बड़े भारी वाहनों का आवागमन संभव नहीं है। प्रधान द्वारा उक्त जमीन पर पहले आई सरकारी योजना के तहत खेलकूद एक्सरसाइज तहत बजट पास करवाकर उक्त जमीन पर निर्माण कराकर उस भूमि को निरस्त कर दिया गया। ग्रामीणों ने मांग की है कि गांव में बने आंगनबाड़ी केंद्र के बगल में पड़ी सरकारी भूमि पर राशन गल्ले की दुकान का चयन कराकर निर्माण कराया जाए जिससे लोगों को सहूलियत भी मिलेगी। इस मौके पर एसडीएम अंकित कुमार, तहसीलदार केशव कुमार, बीडीओ मलिहाबाद, सहायक विकास अधिकारी कृषि मानवेंद्र सिंह, एसीपी मलिहाबाद सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# कार्यकर्ता मेरे लिए सर्वोपरि है : पंकज चौधरी

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को कहा कि 2047 में विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए हम सभी कार्यकर्ता 2027 में प्रदेश में फिर से भाजपा सरकार बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ें। भाजपा के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के गोरखपुर पहुंचने पर पार्टी पदाधिकारियों व बड़ी संख्या में मौजूद पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए स्वागत से अभिभूत पंकज चौधरी ने कहा कि कार्यकर्ता मेरे लिए सर्वोपरि है।

भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय पर आयोजित अपने स्वागत व अभिनंदन समारोह तथा गोरखपुर क्षेत्र की बैठक को संबोधित करते हुए नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि कार्यकर्ताओं के प्रेम, स्नेह तथा स्वागत के लिए धन्यवाद देने के लिए मेरे पास शब्द नही है। आप सभी कार्यकर्ताओं के बीच आकर गौरवान्वित हूं और भावुक भी हूं। उन्होंने कहा कि पार्टी ने 1989 में मुझे सभासद और 1990 में डिप्टी मेयर बनाया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने नौ बार लोकसभा का प्रत्याशी भी बनाया। पार्टी ने दूसरी बार केंद्र में वित्त राज्यमंत्री के रूप में काम करने की भी जिम्मेदारी दी और आज उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष के रूप में बड़ी जिम्मेदारी दी है।



उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही हमारी शक्ति है संगठन ही हमारी पहचान है। संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत करना हमारा दायित्व है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए हमें प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव में 2017 से भी बड़ी जीत 2027 में पार्टी को दिलानी है। क्योंकि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए सशक्त उत्तर प्रदेश और समृद्ध उत्तर प्रदेश भी जरूरी है और यह भाजपा सरकार में ही संभव है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि गोरखपुर की धरा धार्मिक और राजनीतिक रूप से उर्वरक धरा है। यहीं से योगी आदित्यनाथ जी दो बार से मुख्यमंत्री हैं। जिन्होंने बीमारू प्रदेश को स्वस्थ प्रदेश बनाकर देश मे प्रदेश को एक नयी पहचान दी है। इसी धरा पर गुरु गोरखनाथ मंदिर व गीताप्रेस जैसे धार्मिक स्थल है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब भारत की कोई सुनता ही नहीं था लेकिन आज का भारत मोदी के नेतृत्व में जब बोलता है तो पूरी दुनिया गंभीरता से उसकी बात को सुनती है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के संकल्प को पूरा करने का काम मोदी सरकार कर रही है। उन्होंने संगठन कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि संगठन के कार्यों को पूरा करने वाला ही कार्यकर्ता होता है। पार्टी का जो भी दायित्व मिले उसे निष्ठा से करने वाला कार्यकर्ता ही आगे बढ़ता है, उन्होंने कार्यकताओं से एक साथ मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान में जुटने का आह्वान किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने बैठक की अध्यक्षता की। संचालन जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी ने किया।

इस अवसर पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ रमापति राम त्रिपाठी, प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, केंद्रीय राज्य मंत्री कमलेश पासवान, सांसद रवि किशन, शशांक मणि त्रिपाठी ने भी संबोधित किया। आभार प्रदेश महामन्त्री व क्षेत्रीय प्रभारी गोविंद नारायण शुक्ला ने जताया। इसके पूर्व भाजपा के नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के गोरखपुर में प्रथम आगमन पर क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, महानगर संयोजक राजेश गुप्ता, जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

# कर राजस्व मदों में दिसम्बर तक मिले 159730.88 करोड़ : सुरेश खन्ना

- प्रदेश के मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दिसम्बर माह में कुल रू. 18679.38 करोड़ का राजस्व प्राप्त

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि प्रदेश के मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दिसम्बर माह में कुल रू. 18679.38 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 के दिसम्बर माह में रू. 17605.32 करोड़ राजस्व प्राप्त हुआ था। इस प्रकार गत वर्ष की तुलना में वर्तमान वित्तीय वर्ष के माह दिसम्बर में रू. 1074.06 करोड़ राजस्व अधिक प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि कर राजस्व वाली मदों के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में माह दिसम्बर तक रू. 159730.88 करोड़ की प्राप्ति हुई है। जो वर्तमान वित्तीय वर्ष में माह दिसम्बर तक निर्धारित लक्ष्य का 74.2 प्रतिशत है। जीएसटी कम होने से मांग बढ़ी है। जिसके परिणामस्वरूप राजस्व प्राप्ति में बेहतर परिणाम आ रहे हैं। अनुमान है कि आने वाले समय में और बेहतर परिणाम मिलेगा।

वित्त मंत्री ने बताया कि जीएसटी के अन्तर्गत माह दिसम्बर, 2025 में कुल रू. 6563.04 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष दिसम्बर, 2024 के माह में प्राप्ति रू. 6342.68 करोड़ रही थी। वैट के अन्तर्गत माह दिसम्बर, 2025 में रू. 3086.83 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष माह दिसम्बर, 2024 में प्राप्ति रू. 3105.91 करोड़ रही थी। उन्होंने बताया कि डीजल एवं पेट्रोल पर टैक्स उप्र में अन्य राज्यों की तुलना में कम है। इलेक्ट्रिक वाहनों एवं एथेनाल के प्रयोग से डीजल पेट्रोल की खपत में कमी आई है। आबकारी के अन्तर्गत माह दिसम्बर, 2025 में कुल रू. 4682.84 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष माह दिसम्बर, 2024 में प्राप्ति रू.



4141.75 करोड़ रही थी। स्टाम्प तथा निबन्धन के अन्तर्गत माह दिसम्बर, 2025 की राजस्व प्राप्ति रू. 2995.59 करोड़ है जबकि गत वर्ष माह दिसम्बर, 2024 में प्राप्ति रू. 2784.96 करोड़ रही थी। परिवहन के अन्तर्गत माह दिसम्बर, 2025 की राजस्व प्राप्ति रू. 909.57 करोड़ है जबकि गत वर्ष माह दिसम्बर, 2024 में प्राप्ति रू. 805.84 करोड़ रही थी। करेत्तर राजस्व की प्रमुख मद भू-तत्व तथा खनिकर्म के अन्तर्गत माह दिसम्बर, 2025 में प्राप्ति रू. 441.51 करोड़ है जबकि गत वर्ष माह दिसम्बर, 2024 में प्राप्ति रू. 424.18 करोड़ रही थी।

सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में माह दिसम्बर तक मुख्य कर राजस्व के अंतर्गत कुल रू. 159730.88 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है। जो माह दिसम्बर 2025 तक निर्धारित लक्ष्य रू. 215358.65 करोड़ के सापेक्ष 74.2 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि राज्यकर के अंतर्गत माह दिसम्बर तक राजस्व प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य रू. 130053.55 करोड़ के सापेक्ष रू. 84060.96 करोड़ की प्राप्ति हुई है, जो इस अवधि तक निर्धारित लक्ष्य का 64.6 प्रतिशत है। आबकारी मद के अंतर्गत इस अवधि तक निर्धारित लक्ष्य रू. 43400.00 करोड़ के सापेक्ष रू. 39826.98 करोड़ की प्राप्ति हुई है, जो निर्धारित लक्ष्य का 91.8 प्रतिशत है। स्टाम्प तथा निबंधन के अंतर्गत दिसम्बर माह तक राजस्व प्राप्ति निर्धारित लक्ष्य रू. 28525 करोड़ के सापेक्ष रू. 24389.06 करोड़ की प्राप्ति हुई है, जो लक्ष्य का 85.5 प्रतिशत है।

# कौशल विकास मिशन से तेज हुआ रोजगार सृजन

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन प्रदेश में व्यापक रोजगार सृजन का सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। कौशल प्रशिक्षण, उद्योग सहभागिता और रोजगार मेलों के समन्वित मॉडल के जरिए योगी सरकार ने लाखों युवाओं को रोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस पहल की है। योगी सरकार की इस पहल को आगे बढ़ाते हुए वर्ष 2026 की शुरूआत में प्रदेश के पांच जनपदों में मंडल स्तरीय वृहद रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इन रोजगार मेलों के माध्यम से बड़ी संख्या में निजी क्षेत्र की कंपनियां लगभग एक लाख युवाओं को मौके पर ही रोजगार उपलब्ध कराएंगी।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि योगी सरकार का उद्देश्य युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराना, पलायन को रोकना और प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी की दिशा में आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार कौशल प्रशिक्षण को उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप तैयार कर रही है, ताकि प्रशिक्षण के बाद युवाओं को सीधे रोजगार से जोड़ा जा सके।

- 2026 के शुरूआती माह जनवरी में पांच जिलों में मंडल स्तरीय रोजगार मेलों का होगा आयोजन
- 2017-18 से अब तक जनपद एवं मंडल स्तर पर आयोजित 186 वृहद रोजगार मेलों के माध्यम से 4.32 लाख से अधिक युवाओं को उपलब्ध कराया गया रोजगार
- ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत 1,624 रोजगार मेलों के जरिए 2.26 लाख से अधिक ग्रामीण युवाओं को दिया गया रोजगार
- विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर 74 जिलों में आयोजित रोजगार मेलों में लगभग 21,000 युवाओं का हुआ सेवायोजन

उन्होंने बताया इस माह आयोजित किए जा रहे प्रत्येक रोजगार मेले में औसतन 100 कंपनियां भाग लेंगी और करीब 20 हजार युवाओं को सीधे रोजगार से जोड़ा जाएगा। इस तरह पांचों रोजगार मेलों के माध्यम से एक लाख रोजगार सृजित करने का लक्ष्य है। इन मेलों में संबंधित मंडलों के कई जनपदों के अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे। उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2017-18 से अब तक जनपद एवं मंडल स्तर पर 186 वृहद रोजगार मेलों का आयोजन किया जा चुका है। इन मेलों के जरिए 4.32 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया है, जो योगी सरकार की रोजगारपरक नीतियों की सफलता को दशार्ता है।

योगी सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को भी रोजगार से जोड़ने के लिए ठोस रणनीति अपनाई है। दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत आयोजित 1,624 रोजगार मेलों के माध्यम से अब तक 2.26 लाख से अधिक ग्रामीण युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है। कोविड संक्रमण के दौरान जब ऑफलाइन गतिविधियां स्थगित थीं, तब भी योगी सरकार ने रोजगार सृजन का अभियान नहीं रोका। ऑनलाइन रोजगार मेलों के माध्यम से उस अवधि में 10,000 से अधिक युवाओं को नौकरियां दिलाई गईं।

चालू वित्तीय वर्ष में विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर प्रदेश के 74 जनपदों में रोजगार मेलों का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 21,000 युवाओं का सफल सेवायोजन किया गया। प्रदेश सरकार का मानना है कि कौशल प्रशिक्षण को उद्योगों की जरूरतों से जोड़कर ही स्थायी रोजगार सृजन संभव है। योगी सरकार के मार्गदर्शन में कौशल विकास मिशन के तहत अपनाया गया समन्वित मॉडल युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है और प्रदेश को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है।

# पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह आज लखनऊ दर्शन इलेक्ट्रिक डबल डेकर बस को हरी झंडी दिखाकर करेंगे रवाना

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में पर्यटन को नई गति और शहर की सांस्कृतिक पहचान को सशक्त स्वरूप देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल होने जा रही है। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह मंगलवार (06 जनवरी) की सुबह 10 बजे 1090 चौराहे से लखनऊ दर्शन बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह बस पर्यटकों को एक ही यात्रा में राजधानी की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आधुनिक विरासत के दर्शन कराएगी।

मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक शहरी पर्यटन की दिशा में राजधानी लखनऊ एक नई पहल की ओर अग्रसर है। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) द्वारा लखनऊ दर्शन इलेक्ट्रिक डबल डेकर बस सेवा के दो सफल मॉक ड्रिल के बाद अब शहरवासियों और पर्यटकों को 07 जनवरी से नियमित सिटी टूर का अनुभव मिलने जा रहा है। यह पहल न केवल लखनऊ की विरासत को नए अंदाज में प्रस्तुत करेगी, बल्कि सतत पर्यटन को भी सशक्त बनाएगी।

लखनऊ दर्शन बस सेवा पर्यटकों के लिए सुबह और शाम दोनों समय उपलब्ध होगी। प्रातः कालीन सेवा 08:30 बजे से 11:30 बजे तक की होगी। यात्रा



की शुरूआत 1090 चौराहे से होगी। यात्रा के दौरान पर्यटक राजभवन, जीपीओ व हजरतगंज के आकर्षण से रूबरू होंगे। इसके पश्चात, पर्यटकों को बेगम हजरत महल पार्क, ग्लोब पार्क, छतर मंजिल होते हुए सन 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े ऐतिहासिक रेजीडेंसी परिसर (40 मिनट) का अवलोकन कराया जाएगा। सिब्तैनाबाद इमामबाड़ा से गुजरते हुए बस पुनः हजरतगंज पहुंचेगी, जहां विधान सभा भवन (40 मिनट) का विशेष भ्रमण कराया जाएगा। पुनः राजभवन, कैथेड्रिल चर्च के रास्ते बस यूपी दर्शन पार्क (30 मिनट) पहुंचेगी। आगे यह यात्रा अम्बेडकर पार्क, गोमती रिवर फ्रंट के सुंदर रास्तों से गुजरते हुए 1090 चौराहा पर संपन्न होगी। इस टूर पैकेज में रेजीडेंसी तथा उत्तर प्रदेश दर्शन पार्क में प्रवेश के लिए टिकट शामिल रहेगा, साथ ही विधान सभा भवन में विशेष प्रवेश की व्यवस्था भी की गई है।

लखनऊ दर्शन बस सेवा पर्यटकों के लिए शाम के समय 04 बजे से 07 बजे के लिए निर्धारित की गई है। 1090 चौराहा, गोमती नगर से प्रारंभ होने वाली यह बस यात्रियों के साथ यूपी दर्शन पार्क (30 मिनट) पहुंचेगी। आंबेडकर पार्क, गोमती रिवर फ्रंट, कैथड्रिल चर्च, राजभवन के रास्ते पर्यटक यूपी विधानसभा (40 मिनट) पहुंचेंगे। फिर, सिब्तैनाबाद इमामबाड़ा से होते हुए रेजीडेंसी पहुंचेंगे, जहां लाइट एंड साउंड शो का आनंद लेंगे। आगे यह यात्रा छतर मंजिल, ग्लोब पार्क, बेगम हजरत महल पार्क और जीपीओ के रास्ते फूड वैली पहुंचकर संपन्न होगी।

लखनऊ दर्शन बस सेवा आम लोगों के लिए 07 जनवरी से शुरू होगी। यात्री अपनी सुविधा के अनुसार सुबह या शाम के टूर पैकेज का चयन कर सकते हैं। वयस्कों (12 वर्ष से अधिक आयु) के लिए प्रति व्यक्ति किराया 500 रुपए और बच्चों (05 से 12 वर्ष आयु) के लिए 400 रुपए प्रति यात्री भुगतान करना होगा। यात्रा के दौरान यात्रियों को हल्का जलपान उपलब्ध कराया जाएगा। अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के उद्देश्य से 31 जनवरी तक टिकट बुकिंग पर 10 प्रतिशत की छूट भी दी जाएगी।

## संक्षेप

### बीएलओ पर गलत निर्वाचन नामावली बनाए जाने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर के गाँव कुतुबुद्धीन गढ़ेवा निवासियों ने बी०एल०ओ० द्वारा गलत निर्वाचन नामावली बनाये जाने का आरोप लगाया है। सोमवार को आयोजित तहसील समाधान दिवस में कुतुबुद्धीन गढ़ेवा गाँव के करीब एक दर्जन ग्रामीण तहसील पहुँचे जहाँ उन्होंने गाँव के ही नियुक्त बी०एल०ओ०द्वारा मतदाता सूची का सही तरीके से चयन न किये जाने का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा उसका परिवार स्वंम पंचायत चुनाव में भाग लेता है जिसके कारण उसने मनमाने ढंग से मतदाता सूची का चयन किया है। इस बावत जब उपजिलाधिकारी रनवीर सिंह से बात की गई उन्होंने बताया टीम गठित कर निष्पक्ष जांच करवाई जा रही है दोषी पाए जाने पर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। इस मौके पर ग्रामीणों में राजकुमार, राजाराम, आयुष, अजयपाल, महेश छेदीलाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### जमीन के विवाद को लेकर की मारपीट

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर अंतर्गत सहन की जमीन को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष को जमकर पीट दिया। पीड़ित पक्ष द्वारा तहरीर दिये जाने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना क्षेत्र के गाँव निहालीखेडा की निवासिनी रामा पत्नी देवनारायण ने तहरीर देकर बताया कि वह दो दिन पहले सुबह मैं और मेरी माता जी विंदा देवी आग ताप रही थी। तभी पड़ोस की रामेश्वरी व उनकी बेटी सोनी ने लाठी डंडों से हमला बोल दिया। तथा कहा कि मेरी जमीन की तरफ आई तो जान से मार दूंगी। मारपीट में मुझे व मेरी मां के सर में चोटे आई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रामेश्वरी, उनकी बेटी सोनी के खिलाफ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थानाध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

# चौकी इंचार्ज पर अभद्रता व धमकी का गंभीर आरोप, विधवा महिला के मामले में उठा सवाल

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। विश्वकर्मा सेवा संस्थान के पदाधिकारी एवं उपाध्यक्ष लल्लन शर्मा निवासी नया खेड़ा, उन्नाव ने गंगा बैराज चौकी के चौकी इंचार्ज पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि एक विधवा महिला की पैरवी करने के दौरान उनके साथ न केवल अभद्र व्यवहार किया गया, बल्कि उन्हें मारपीट, झूठे मुकदमे दर्ज कराने व जेल भेजने की धमकी भी दी गई।

लल्लन शर्मा ने बताया कि आज सुबह उनके ही गांव की एक विधवा महिला अपने घर के सामने चबूतरा बनवाना चाह रही थी, जिसका गांव के कुछ लोगों द्वारा विरोध किया जा रहा था। सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने दोनों पक्षों को गंगा बैराज चौकी आने के लिए कहा। इसके बाद महिला के साथ वह भी चौकी पहुंचे, वहीं विरोध करने वाले लोग भी वहां पहुंचे।

उन्होंने बताया कि जब वह थोड़ी देर से चौकी पहुंचे तो देखा कि चौकी इंचार्ज कुर्सी पर बैठे हुए महिला को डरा-धमका रहे थे, जबकि महिला जमीन पर बैठी हुई थी। जैसे ही उन्होंने अपना परिचय देना चाहा, चौकी इंचार्ज ने महिला से पूछा कि यह व्यक्ति कौन है। महिला द्वारा उन्हें अपनी ओर से आया हुआ बताने पर चौकी इंचार्ज अचानक आक्रोशित हो गए और उनका कॉलर पकड़कर घसीटते हुए अपने केबिन में ले गए।

आरोप है कि चौकी इंचार्ज ने उन्हें गुंडागर्दी करने का आरोप लगाते हुए पट्टे से पिटाई करने, दर्जनों मुकदमे लादने और जेल भिजवाने की धमकी दी। इस पूरे घटनाक्रम से वह मानसिक रूप से अत्यंत आहत हैं। उन्होंने बताया कि वह अपनी बात पूरी तरह रख ही नहीं पाए, जबकि बाद में पहुंची दूसरी पार्टी की बातों को चौकी इंचार्ज द्वारा एकतरफा समर्थन दिया गया। इस घटना को लेकर विश्वकर्मा सेवा संस्थान में भारी रोष व्याप्त है। संस्थान के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने एकजुट होकर इस संबंध में एक ज्ञापन अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश कुमार को सौंपा। ज्ञापन में पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की गई है।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश कुमार ने संस्थान के पदाधिकारियों को आश्वासन दिया कि मामले की गंभीरता से जांच कराई जाएगी और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

लल्लन शर्मा ने सवाल उठाया कि यदि लोकतंत्र में एक सामाजिक संस्था के पदाधिकारी को अपनी बात रखने का अवसर नहीं मिलेगा, तो आम नागरिक का क्या होगा? यह घटना पुलिस कार्यप्रणाली पर भी कई सवाल खड़े करती है। जिसमे मौजूद रहे संस्थापक लेखलाल शर्मा अध्यक्ष बुद्धिलाल शर्मा कोषाध्यक्ष कविअशोक कुमार शर्मा महासचिव हरिशंकर शर्मा संगठनमंत्री मुकेश शर्मा करन श

मीडिया प्राभारी करन शर्मा सचिव रविन्द्र शर्मा शैलेन्द्र कन्हैया प्रभात रंजन गौरीशंकर सहित आधा सैकड़ा लोग मौजूद रहे।

# दरवाजे से भैंस चोरी कर चोर पिकप डाले में लादकर भागे

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। सर्द रातऔर घने कोहरे का फायदा उठाया चोरों ने दरवाजे पर बंधी आठ माह की प्रेग्नेन्ट कीमती भैंस को चार पहिया लोडर से लेकर भाग निकले किसान ने पीछा किया लेकिन वो रफ्फू चक्कर हो गए पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है कोतवाली क्षेत्र की ग्राम सभा मुरैता प्राचीन से सम्बन्धित है जहां 3 जनवरी 2026 शनिवार की बीती रात समय लगभग दो बजे रात्रि में दामोदर उर्फ फरमू यादव पुत्रअलोपी प्रसाद यादव निवासी ग्राम मुरैता प्राचीन की दो माह बाद बच्चा देने वाली कीमती भैंस दरवाजे बन्धी थी जिसे अज्ञात चोरों ने भैंस खोल कर चार पयिहा पिकप डाला में लाद कर भागे जैसे ही किसान ने गाड़ी की आवाज सुनी तो वह बाहर निकला तो नजारा देख उसके होश उड़ गये और वह शोर मचाते हुए दौड़ा तबतक चोर भैंस लादकर भाग निकलें! आप लोगों को बताते चलें कि यह मुरैता ग्राम सभा की पहली घटना नही है इसके पहले लगभग एक वर्ष पूर्व इसी ग्राम सभा के भगवान प्रसाद शुक्ला की दो भैंसे दरवाजे से खुल गयी थी उसी रात लखमदेंमऊके ललऊ ठाकुर की भी भैंस चोर लेगये थे और उसी वर्ष जयप्रकाश पाल पुत्र अयोध्या पाल की भैंस अज्ञात चोरो की भेंट चढ़ गयी थी वहीं पीड़ित किसान ने कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है! पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# नाले में पड़ा मिला अज्ञात युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सोमवार को जिला अस्पताल के ठीक बगल में स्थित एक नाले में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। राहगीरों ने नाले में शव देखकर तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नाले से बाहर निकलवाया। पुलिस के प्रारंभिक आकलन के अनुसार, मृतक की उम्र लगभग 40 वर्ष है। शव की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है और प्रथम दृष्टया यह कुछ समय पुराना प्रतीत हो रहा है। हालांकि, मौत के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। घटना की जानकारी मिलते ही जिला अस्पताल परिसर और आसपास के क्षेत्र में लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर भीड़ को नियंत्रित किया और शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस का कहना है कि मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान हैं या नहीं, इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगी। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि व्यक्ति की मौत किसी दुर्घटना में हुई है, यह हत्या का मामला है या किसी अन्य कारण से उसकी जान गई है। फिलहाल, पुलिस मृतक की पहचान सुनिश्चित करने के लिए आसपास के सभी थानों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्टों को खंगाल रही है। इसके साथ ही, क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी जांची जा रही है, ताकि यह पता चल सके कि शव नाले में कैसे पहुंचा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी पहलुओं पर गहनता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मृतक की पहचान होने के बाद ही इस पूरे मामले का विस्तृत खुलासा हो सकेगा। फिलहाल, पुलिस मृतक की पहचान सुनिश्चित करने के लिए आसपास के सभी थानों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्टों को खंगाल रही है। इसके साथ ही, क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी जांची जा रही है, ताकि यह पता चल सके कि शव नाले में कैसे पहुंचा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी पहलुओं पर गहनता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मृतक की पहचान होने के बाद ही इस पूरे मामले का विस्तृत खुलासा हो सकेगा।

# शीतलहर व कड़ाकेदार ठंड से जन जीवन हुआ प्रभावित

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जनपद में कड़ाके की ठंड और शीतलहर से जनजीवन प्रभावित हुआ है। जनवरी की शुरूआत से ही ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। सोमवार को न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह से ही हल्के से घने कोहरे के कारण लोग आवश्यक कार्यों के लिए ही घरों से बाहर निकले। बीते कई दिनों से पारा लगातार गिर रहा है। रविवार रात से सोमवार सुबह तक शहर पर कोहरे की हल्की चादर छाई रही, जिससे दृश्यता कम हो गई और यातायात प्रभावित हुआ। नवीन पुल, फोरलेन, आजाद मार्ग, बैराज मार्ग और राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहन चालकों को धीमी गति से चलना पड़ा। कई वाहन चालक फॉग लाइट और इंडिकेटर का उपयोग करते दिखे। पिछले सप्ताह से पड़ रही भीषण ठंड ने विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। घरों में रहने वाली महिलाओं में पैरों की उंगलियों में सूजन और ठंड लगने की शिकायतें सामने आ रही हैं। चिकित्सकों के अनुसार, अत्यधिक ठंड से रक्त संचार प्रभावित होता है, जिससे ऐसी समस्याएं बढ़ रही हैं। लोग दिनभर हीटर, ब्लोअर और अलाव का सहारा ले रहे हैं। भीषण ठंड का असर बेजुबान जानवरों पर भी स्पष्ट दिखाई दे रहा है। शहर और ग्रामीण इलाकों में गाय, कुत्ते और अन्य पशु अलाव के पास बैठे नजर आए। कई स्थानों पर नगर पालिका और प्रशासन द्वारा अलाव की पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण लोग कूड़ा-करकट और लकड़ी जलाकर खुद को गर्म रखने का प्रयास करते दिखे। गौवंश भी खुले स्थानों पर अलाव के पास खड़े होकर ठंड से राहत पाने की कोशिश करते देखे गए। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में ठंड और कोहरा जारी रह सकता है।

# डीएम व एसपी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। स्थानीय तहसील कार्यालय सभागार में आज सोमवार को जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह ने भी फरियादियों की शिकायतें सुनी। बैठक में ग्राम ब्योली इस्लामाबाद के मजरा सांवल खेड़ा निवासी शांति देवी की शिकायत थी कि संचालक ने धोखा देकर पास मशीन पर उसका अंगूठा लगवा लिया और पंजाब नेशनल बैंक खंभौली स्थित उसके खाते से 90 हजार रुपए आहरित कर लिए। एसपी श्री सिंह ने बेहटा मुजावर थाना प्रभारी को जांच कर कार्यवाही का निर्देश दिया।

समाधान दिवस पर नगर के पूर्व सभासद सुधीर कुमार मिश्र साद्धू ने नगर की पुरानी पानी की टंकी से लेकर बाईपास मार्ग तक सीसी रोड निर्मित कराए जाने की मांग उठाई। उन्होंने डीएम को बताया कि इसी मार्ग पर जिले के प्रथम सांसद पंडित विश्वंभर दयालु त्रिपाठी का पैतृक मकान स्थित है। जिला हरदोई के थाना मल्लावां अंतर्गत ग्राम मझियाई जाफर पुर निवासी शांति देवी ने शिकायत दर्ज कराई कि उसके बेटे विजय सिंह की ससुराल कोतवाली बांगरमऊ के ग्राम गुलाब खेड़ा में है। उसका बेटा अपनी पत्नी संध्या के साथ ससुराल में ही रह रहा था। किंतु करीब एक हफ्ता पूर्व जब वह अपने बेटे की ससुराल गई तो उसका बेटा गायब मिला और उसकी बहू ने एक अन्य व्यक्ति से शादी कर ली है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसकी बहू और दूसरे पति ने मिलकर उसके बेटे की हत्या कर दी है और शव गायब कर दिया है। इसके अलावा ग्राम काजीपुर निवासी दिव्यांग जगदीश पुत्र राम आसरे ने डीएम को बताया कि उसकी दिव्यांग पेंशन उसके खाते में लगातार आ रही थी। किंतु अज्ञात कारण से उसकी पेंशन बंद कर दी गई है। जिससे उसे आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिलाधिकारी श्री राठी ने सभी शिकायती पत्र संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंप कर जल्द निस्तारण का निर्देश दिया। बैठक में एसडीएम बृजमोहन शुक्ला, क्षेत्राधिकार संतोष कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, चिकित्सा अधीक्षक मुकेश कुमार, कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश चंद्र पांडेय, बेहटा मुजावर थाना प्रभारी मुन्ना कुमार व तहसीलदार साक्षी राय सहित सभी विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# प्राइवेट गाड़ियों में हूटर, ब्लैक पन्नी, सरकार लिखा गाड़ियां दौड़ रही

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। निजी वाहनों पर उत्तर प्रदेश सरकार भारत सरकार हूटर सायरन ब्लैक पन्नी वाहन बेधड़क सड़कों पर दौड़ रहे हैं जिससे आम जनता में भ्रम पैदा हो रहा हैं तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन क्षेत्र में वीआईपी कल्चर का असर तेजी से बढ़ रहा है बड़ी संख्या में निजी वाहन मालिक अपनी गाड़ियों में उत्तर प्रदेश सरकार भारत सरकार हूटर सायरन अन्य उपकरण तक लगाए बेधड़क सड़कों पर घूम रहे हैं जिससे आम लोगों के बीच झूठी सान शौकत के बल पर डर बैठाया जाता है और उन्हें सरकारी गाड़ी मानकर लोग रास्ता छोड़ देते हैं या दबाव महसूस करते हैं परिवहन विभाग पुलिस और यातायात पुलिस की ओर से कार्रवाई न होने से वाहन स्वामियों के हौसले बुलंद है और निजी गाड़ियां बेखौफ सड़कों पर दौड़ रही नियमों के अनुसार ऐसे स्लोगन प्रतीक प्रयोग पूरी तरह प्रतिबंधित है क्षेत्र में ऐसे वाहन प्रतिदिन सड़कों पर देखे जा रहे हैं आखिरी ऐसे वाहनो पर किसके दबाव से कार्यवाही करने से पुलिस प्रशासन सहित अधिकारी गण दब रहे हैं।

### तेज रफ्तार स्कार्पियो ने बाइक में मारी टक्कर, युवक घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के हरदोई उन्नाव मार्ग पर एक्सप्रेसवे के टोल प्लाजा के निकट तेज रफ्तार स्कार्पियो ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उसे अन्यत्र रेफर किया गया। हरदोई जनपद के थाना मल्लावां अंतर्गत ग्राम कोकटमऊ निवासी ओमप्रकाश पुत्र रामेंद्र आज सोमवार बाइक से बांगरमऊ आ रहा था।

# राजा परीक्षित की कथा सुनकर भक्त हुए भाव विभोर

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के ग्राम कुशराज पुर अंतर्गत मजरा चीतेपुर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस सोमवार को नैमिष तीर्थ स्थित शक्ति धाम से पधारे विख्यात भागवताचार्य महंत सुरेश दास ने श्रद्धालु भक्तों को राजा परीक्षित की कथा सुनाकर भाव विभोर कर दिया। उन्होंने कहा पुत्र अपने माता-पिता के कर्ज से कभी उद्धार नहीं हो सकता है।

क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी राम किशोर मिश्रा द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में आज महंत सुरेश दास जी महाराज ने कथानक का वर्णन करते हुए बताया कि ऋषि नारद ने पाराशर से पूछा के श्रृंगी ऋषि के श्राप से राजा परीक्षित मुक्त कैसे होंगे और उन्हें आखिर मोक्ष प्राप्त कैसे होगा? इस पर पराशर ने उत्तर दिया कि मेरा पौत्र सुखदेव विद्वान है और उसके द्वारा कही गई कथा के श्रवण से राजा परीक्षित को मोक्ष अवश्य प्राप्त होगा। तभी सुखदेव महाराज जिला नैनीताल के शुक्रताल नामक स्थल पर पहुंचे और उन्होंने राजा परीक्षित को कथा श्रवण करना शुरू किया। लगातार सात दिवस तक कथा श्रवण करते ही राजा परीक्षित मोक्ष को प्राप्त हो गए। भागवत आचार्य महंत जी ने कथा के मध्यांतर में कई आध्यात्मिक गीत प्रस्तुत किए। उनके द्वारा आधुनिक वाद्य यंत्र आर्गन व नाल और पैठ के सुर संगम से प्रस्तुत कीर्तन ₹ जरा देर ठहरो राम तमन्ना यही है, अभी हमने जी भर के देखा नहीं है ₹ तथा ₹ कुछ लेना ना देना मगन रहना ₹ पर श्रद्धालु भक्त नृत्य करने लगे। कथा समाप्ति पर राम भजन मिश्रा, जुगुल किशोर, अभय मिश्रा, शैलेन्द्र मिश्रा, भईया लाल दिवाकर, श्याम गुप्ता, पुनीत मिश्रा, रमा कांती मिश्रा, शालिनी, प्रीती मिश्रा, शीतल, कोमल मिश्रा, दयाशंकर यादव, कुशल तिवारी आदि भक्तों द्वारा श्रीमद्भागवत महापुराण की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया।

# रायबरेली करणी सेना के पदाधिकारियों को पुलिस ने उन्नाव बार्डर पर रोका

अमन लेखनी समाचार



पाटन, उन्नाव। रायबरेली जनपद से चलकर उन्नाव के माखी गांव जा रहे करणी सेना के पदाधिकारियों के काफिले को बीघापुर सीओ के नेतृत्व में पुलिस ने उन्नाव बार्डर बिहार थाना क्षेत्र के आकमपुर गांव के पास रोक लिया। पदाधिकारियों का कहना था कि वह दुष्कर्म मामले में जेल में बंद पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर के मामले की जमीनी हकीकत जानने उनके गाँव माखी के लिये निकले है। वहां वह गांव वालों से मिलकर मामले की जमीनी हकीकत जानेंगे। उसके बाद उनकी बहन से मुलाकात करेंगे। पुलिस ने अगर उन्हे जाने न दिया तो वह अन्य साधनों से भी वहां तक पहुंचने का प्रयास करेंगे। सीओ बीघापुर मधुपनाथ मिश्रा ने बताया कि उन्नाव में बीएन एस एस की धारा 163 लागू है जिसमे धरना प्रदर्शन करने पांच से अधिक लोगों के इक्ट्ठा होने पर रोक है। पदाधिकारियों के जिद पर अडने पर पुलिस उन्हे थाने लेकर चली आयी थोडी देर बाद हिदायत देकर छोड दिया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए बीघापुर, बिहार थाना व भगवंतनगर, पाटन चौकी पुलिस मौजूद रही। रायबरेली से उन्नाव जा रहे करणी सेना के पदाधिकारियों में रमेश सिंह, मोनू सिंह, विमलेश चौधरी, महेन्द्र पटेल, धर्मेंद्र सिंह, पप्पू सिंह, पुत्तु सिंह, संजय सिंह, शत्रुघ्न सिंह, अनुराग सिँह, शनद द्विवेदी समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# दो दिन के अवकाश के बाद खुला अस्पताल, उमड़ी मरीजों की भीड़

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। दो दिन की छुट्टी के बाद सोमवार को जिला अस्पताल में मरीजों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही अस्पताल परिसर में मरीजों और उनके तीमारदारों की लंबी कतारें देखी गईं। ओपीडी काउंटर से लेकर डॉक्टरों के कक्षों तक भीड़ नजर आई। अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार, एक ही दिन में एक हजार से अधिक मरीजों ने ओपीडी में अपना पंजीकरण कराया। इससे अस्पताल की व्यवस्थाओं पर भी दबाव बढ़ गया। रविवार और अन्य अवकाश के कारण दो दिनों तक नियमित ओपीडी सेवाएं बाधित रही थीं, जिसका असर सोमवार को स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। आसपास के ग्रामीण इलाकों के साथ-साथ शहर से भी बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचे। ठंड, खांसी, बुखार, वायरल फीवर, जोड़ों का दर्द और सांस संबंधी बीमारियों के मरीजों की संख्या सर्वाधिक रही। बदलते मौसम और कड़ाके की ठंड को भी मरीजों की संख्या में अचानक हुई बढ़ोतरी का एक प्रमुख कारण माना जा रहा है। सुबह से ही पंजीकरण काउंटर पर मरीजों की लंबी लाइनें लग गईं, जिससे कई मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ा। भीड़ को देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने अतिरिक्त कर्मचारियों को तैनात कर पंजीकरण प्रक्रिया को सुचारु बनाने का प्रयास किया। ओपीडी के बाहर लगी कतारें दोपहर तक बनी रहीं। जिला अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. ब्रजकिशोर और डॉ. कौशलेंद्र ने ओपीडी में लगातार मरीजों का परीक्षण कर उपचार किया। चिकित्सकों ने मरीजों को दवाएं देने के साथ-साथ ठंड से बचाव की सलाह भी दी। उन्होंने बताया कि इस समय वायरल संक्रमण, सर्दी-जुकाम और बुखार के मामले सबसे अधिक आ रहे हैं। डॉक्टरों ने लोगों से ठंड से बचाव और समय पर चिकित्सक से परामर्श लेने की अपील की।

# आजाद की 120 वी जयंती की तैयारियां लगभग पूर्ण

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की 120वीं जयंती पर उनके जन्म भूमि बदरका में होने वाले त्रिदिवसीय समारोह की तैयारियां पूरी हो गई है। श्रद्धांजलि समारोह पर मुख्य दिवस 7 जनवरी को प्रदेश के कई बड़े मंत्रियों व राज नेताओं के आने की संभावनाओ से प्रशासन सतर्क है। सोमवार को जिला सूचना अधिकारी ने स्मारक परिसर में आकर जायजा लिया वही पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा व्यवस्था के लिए व्यवस्था की रूप रेखा बनाई है।

सामरोह की के प्रथम दिन 6 जनवरी को बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा आजाद बाल मेले का आयोजन होता है जिसमें विभिन्न विद्यालयों के बच्चे अपने कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। साथ ही विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा विकास प्रदर्शनी का जिला अधिकारी व पुलिस कप्तान उद्घाटन करेंगे। मुख्य दिवस सात जनवरी को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन होगा। आठ जनवरी को पुरस्कार वितरण कवि सम्मेलन के साथ ही मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समारोह के समापन होगा।

ट्रस्ट के मंत्री राजेश शुक्ल ने बताया कि सात जनवरी आजाद को श्रद्धांजलि देने के लिए को उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, रजनी तिवारी सांसद व जनपद के सभी विधायकों जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी समेत बड़ी तादात में लोगों के आने की संभावना बताई जा रही है।

# शादी के एक माह बाद युवती का फांसी के फंदे पर लटकता मिला शव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। शादी के 30 दिन बाद दुल्हन ने अपनी जान दे दी। रात में सबने मैरिज की वन मंथ एनिवर्सरी मनाई। सुबह वह फंदे से लटकते मिली। मृतका के भाई के मुताबिक, रविवार को दीदी की शादी की वन मंथ एनिवर्सरी थी। जीजा को छुट्टी नहीं मिली थी। रात करीब 3 बजे वह घर लौटे। वह सो चुकी थीं। वह भी सो गए। सुबह करीब 5 बजे वह उठे तो देखा पत्नी बेड पर नहीं थी। तलाशते हुए बगल के कमरे में पहुंचे तो पत्नी दुपट्टे के फंदे से लटक रही थी। मामला दही थाना क्षेत्र का है। मृतका की पहचान 24 वर्षीय स्वेच्छा वर्मा के रूप में हुई है। उसकी शादी 4 दिसंबर को 26 वर्षीय सूरज सिंह से हुई थी। दोनों ने लव मैरिज की थी। पड़ोसियों ने बताया कि स्वेच्छा के पिता मनोज वर्मा का कोरोना काल में निधन हो गया था। घर की जिम्मेदारी स्वेच्छा पर ही थी। मोहल्ले में ही एक कॉस्मेटिक और रिचार्ज की दुकान उसकी थी। दुकान पर स्वेच्छा ही बैठती थी। उसके घर से करीब 100 मीटर की दूरी पर श्याम नरेश सिंह का घर है। उनका बेटा सूरज, सूट की फैक्ट्री में सुपरवाइजर है। स्वेच्छा और सूरज एक दूसरे को काफी पहले से जानते थे। सोशल मीडिया पर कनेक्ट होने के बाद दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ी। धीरे-धीरे यह दोस्ती प्यार में बदल गई। घरवालों को जब दोनों के रिश्ते का पता चला तो दोनों परिवार इस रिश्ते के लिए राजी नहीं हो रहे थे। हालांकि, बाद में दोनों ने अपने-अपने परिवारों को मना लिया। बीते 4 दिसंबर को धूमधाम से दोनों की शादी हुई। स्वेच्छा के भाई हनी ने बताया 4 जनवरी को बहन स्वेच्छा की शादी के एक महीने पूरे हुए थे। मैं बहन के घर केक और चॉकलेट लेकर गया। इस पर दीदी ने मुझे डांट लगाई। कहा- इसकी कोई जरूरत नहीं थी। हालांकि, मैं केक और चॉकलेट देकर घर चला गया। दीदी जीजा का इंतजार कर रही थी। रात 3 बजे जीजा फैक्ट्री से काम करके लौटे। वे भी केक और पिज्जा लाए थे। लेकिन तब तक घरवाले सो गए थे। जीजा ने घरवालों को जगाया। केक और पिज्जा खाने के लिए सबसे कहा लेकिन किसी ने नहीं खाया। पत्नी के बारे में पूछा तो घरवालों ने बताया कि वह सो रही है। इसके बाद जीजा कमरे में सोने चले गए। पत्नी बेड पर सो रही थी।

## सम्पादकीय

# सोशल मीडिया पर अनैतिक गतिविधियां बढ़ा रहीं खतरा

सोशल मीडिया एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जहां लोग अपने विचारों को साझा करते हैं, दोस्तों से जुड़ते हैं और जानकारी प्राप्त करते हैं। इसके साथ ही कई खतरे भी हैं, जैसे कि साइबर अपराध, ऑनलाइन उत्पीड़न और गलत जानकारी का प्रसार। इसलिए, सोशल मीडिया को लेकर सतर्क रहना बहुत जरूरी है। सबसे बड़ा खतरा है साइबर अपराध। साइबर अपराधी लोगों के अकाउंट हैक कर लेते हैं और उनकी निजी जानकारी का इस्तेमाल करके उन्हें ब्लैकमेल करते हैं। इसलिए, अपने अकाउंट को सुरक्षित रखने के लिए मजबूत पासवर्ड का इस्तेमाल करें और दो-स्तरीय सत्यापन रखें। सोशल मीडिया पर अश्लील कंटेंट, अनैतिक गतिविधियां गैर-कानूनी और समाज के लिए हानिकारक हैं। खासकर बच्चों और युवाओं पर इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है। एआई जितना काम आसान बना रहा है उतनी ही समस्याएं बढ़ा भी रहा है। इस समय सबसे बड़ा मुद्दा है सोशल मीडिया पर अश्लील कंटेंट परोसा जाना और उसे फर्जी तरीके से प्रचारित किया जाना। यह किसी के लिए भी घातक सिद्ध हो सकता है। फर्जी खबरें और धोखाधड़ी जैसे मामले भी मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल रहे हैं, इसलिए यूजर्स को सोच-समझकर पोस्ट करनी चाहिए और प्राइवेसी सेटिंग्स का ध्यान रखना चाहिए। हाल ही में शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने अश्लील कंटेंट और एआई के दुरुपयोग का मुद्दा उठाते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स के एआई एप ग्रोक पर सवाल उठाए और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर कहा था कि कुछ लोग एआई एप ग्रोक की मदद से महिलाओं की अश्लील तस्वीरों को आपत्तिजनक रूप में बदल रहे हैं, जो बेहद गंभीर मसला है। एक्स पर फर्जी अकाउंट्स के जरिए महिलाओं की तस्वीरें पोस्ट की जा रही हैं और ग्रोक को ऐसे आपत्तिजनक प्रॉम्प्ट दिए जा रहे हैं, जिनसे महिलाओं की पोशाक को कम दिखाकर पेश किया जा रहा है। उनकी असली तस्वीरों को आपत्तिजनक रूप में बदल रहे हैं। यह सिर्फ फर्जी अकाउंट्स तक सीमित नहीं है, बल्कि उन महिलाओं को भी निशाना बनाया जा रहा है, जो अपनी तस्वीरें खुद सोशल मीडिया पर साझा करती हैं। उन्होंने इसे पूरी तरह अस्वीकार्य और एआई फीचर का घोर दुरुपयोग बताया है। इस पर सरकार ने एक्शन लेते हुए एक्स को निर्देश दिए थे कि वह एआई एप ग्रोक से बनाए जा रहे अश्लील, फूहड़ कंटेंट को तुरंत हटाए, नहीं तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस पर एलन मस्क की कंपनी एक्स ने अपने एआई एप ग्रोक पर बनाए जा रहे अश्लील कंटेंट को लेकर सख्त नियम बनाए हैं। कंपनी ने कहा है कि ऐसे कंटेंट को तुरंत हटाया जाएगा। साथ ही अगर कोई यूजर ग्रोक का इस्तेमाल करके आपत्तिजनक कंटेंट बनाता है तो यूजर्स का अकाउंट हमेशा के लिए बैन कर दिया जाएगा। सोशल मीडिया को लेकर सतर्क रहना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि अश्लील, हिंसक और गैरकानूनी कंटेंट आसानी से उपलब्ध है। इससे साइबर धोखाधड़ी, फ़िशिंग, पहचान की चोरी और ऑनलाइन घोटालों का खतरा रहता है। इसके अत्यधिक उपयोग से अकेलापन, अवसाद और आत्म-सम्मान में कमी आ सकती है। देखने में आ रहा है कि आज के डिजिटल युग में एआई के बढ़ते इस्तेमाल के साथ गलत और गैरकानूनी कंटेंट का खतरा भी बढ़ा है। ऐसे में सोशल मीडिया मंच और यूजर्स को जिम्मेदारी और जवाबदेही तय करना बेहद जरूरी है।

## विचार

विमल चोपड़ा



# पीने का साफ पानी नहीं दे पाना चिंता का विषय

21वीं सदी में जनता को हम पीने का साफ पानी नहीं दे पा रहे हैं, यह हमारे लिए चिंता का विषय है। सरकार योजना बनाती है, राशि उपलब्ध कराती है, पर निचला अमला अपनी लापरवाही के कारण इन योजनाओं को पूर्ण सावधानी के साथ इसे अमली जामा नहीं पहना पाता। इसी लापरवाही के कारण स्थल चयन की गलती इंदौर जैसी घटनाओं को अंजाम देती है।" इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से 8 लोगों की मौत का समाचार हतप्रभ करने वाला है। परंतु इस प्रकार की घटनाएं यदा-कदा, छोटी-मोटी देश के अनेक स्थानों से सुनने-पढ़ने को मिलती रहती हैं। इंदौर जैसे स्वच्छता का पुरस्कार पाने वाले देश के प्रथम शहर में हुई इस प्रकार की घटना के लिए कोई एक व्यक्ति या एक सरकार जिम्मेदार नहीं हो सकती। यह समय बीतने के साथ पाइपलाइन में होने वाले परिवर्तन का परिणाम है। इंदौर की इस घटना का पोस्टमार्टम करने पर निकलेगा कि वर्षों पहले डाली गई पाइपलाइन वर्षों पुरानी नाली से गुजर रही थी, वर्षों तक कुछ नहीं हुआ और वर्षों बाद अचानक यह घटना घटी और कलंक उसके माथे पर लगा जिसने न तो यह लाइन बिछाई और ना ही उसने वह नाली बनाई पर वर्षों का धरती के भीतर दबा लावा तो वर्तमान प्रशासन-शासन के कार्यकाल में धरती फाड़कर बाहर निकला।

इंदौर ही नहीं, मध्यप्रदेश ही नहीं, बल्कि संपूर्ण देश में जहां अंडरग्राउंड पाइपलाइन के माध्यम से पानी की सप्लाई की जाती है, वहां इस प्रकार की घटनाएं होती रहती हैं। परंतु इंदौर में एक साथ इतनी मौतें व इतने अधिक लोगों का बीमार होकर अस्पताल में भर्ती होना घोर प्रशासनिक एवं जनप्रतिनिधियों की लापरवाही का स्पष्ट प्रमाण है। शिकायतें जनप्रतिनिधियों से होकर प्रशासनिक अधिकारियों तक पहुंचती हैं और उसकी गंभीरता विस्फोट के बाद ही समझ में आती है। यह हमारे संवेदनहीन समाज का चरित्र बन चुका है और जांच पर जांच होगी पर जिम्मेदारी शायद तय हो पाए और न ही हम कोई सबक सीखकर भविष्य में इन घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसका प्रयास करेंगे। इस प्रकार की भयंकर दुर्घटनाओं को रोकने का सार्थक प्रयास करने का समय अब आ चुका है।

10 वर्षों तक नगरपालिका अध्यक्ष का दायित्व निभाने के दौरान शहरी जल वितरण व्यवस्था को निकट से देखने का अवसर मिला, जिसमें अनेकों खामियां समझ में आयी पर लकीर के फकीर बने प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने अपनी भूमिका के साथ न्याय नहीं किया। आज भी लगभग सभी शहरों एवं गांवों में पेयजल वितरण की पाइपलाइन नालियों के नीचे या ऊपर या उनके भीतर से उन्हें क्रॉस करते हुए आगे बढ़ती है। जिससे इंदौर जैसी घटनाओं की आशंका लगभग प्रत्येक स्थान पर बनी रहती है और हमारा अमला इन सब बातों को नजरअंदाज करता हुआ लापरवाही पूर्वक आगे बढ़ता जाता है। ऐसे मामलों में बड़ी जिम्मेदारी तो प्रशासनिक अधिकारियों की होती है, साथ ही सीमित जिम्मेदारी एक स्तर तक के जनप्रतिनिधियों की भी होती है। नगरीय क्षेत्र में उस वार्ड का पार्षद एक सीमित दायरे में जिम्मेदार होगा क्योंकि ऐसी घटनाओं की प्रथम सूचना उस तक ही आती है और उसकी गंभीरता या लापरवाही घटना को छोटा या बड़ा बनाती है। एक पार्षद अपने वार्ड की सबसे गहरी जानकारी रखने वाला होत है। उसे वार्ड की पाइपलाइन, नालियों एवं अन्य भौतिक संरचनाओं की अच्छी जानकारी होती है। साथ ही जनसेवा के इस क्षेत्र को वह अपनी मर्जी से चुनता है, अतः वह नैतिक रूप से तो काफी हद तक जिम्मेदार होता है, परंतु प्रशासनिक स्तर पर उसकी जिम्मेदारी सीमित हो जाती है क्योंकि आदेशात्मक एवं अनुशासनात्मक कार्यवाही का कोई अधिकार उसके पास नहीं होता, परंतु प्रशासन पर दबाव की नैतिक ताकत उसके पास असीमित होती है।

नगर पालिका अध्यक्ष के रूप में कार्य करने के दौरान पता चला कि पेयजल पाइपलाइन के अंडरग्राउंड होने की वजह से अनेक समस्याएं पैदा होती हैं। पाइपलाइन का लीकेज तो सामान्य बात है परंतु यह समस्या गंभीर रूप वहां धारण कर लेती है जहां नाली और पाइपलाइन का समागम होता है और इंदौर जैसी घटनाएं हो जाती हैं। रायपुर व अन्य शहरों में भी पीलिया आदि जल जनित बीमारियों की खबरें एक क्षेत्र से आती रहती हैं और सड़कों, नालियों, भवनों में दबी पाइपलाइन का लीकेज खोजने में काफी खोदा-खादी और ऊर्जा का अपव्यय होता है। कई बार तो महीनों बाद लीकेज का पता चल पाता है जबकि पूरी सड़क खोद दी जाती है। हमारे पास अंडरग्राउंड पाइपलाइन में लीकेज पता करने का कोई दुरुस्त सिस्टम नहीं है तो सब कुछ अंदाज में चलता है और काफी मानवीय और आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ता है। 24 घंटे पाइपलाइन में पानी का दबाव बने रहने के कारण नाली या गंदे स्थान का पानी लीकेज पाइपलाइन में प्रवेश नहीं कर पाएगा व लीकेज स्थान से निकलने वाला पानी का शीघ्र पता चल जाएगा और उसकी मरम्मत शीघ्र हो सकेगी।

इंदौर जैसी घटनाओं से बचने का एक उपाय यह हो सकता है कि पीने की पाइपलाइन निस्तारी की पाइपलाइन से अलग हो एवं यह अंडरग्राउंड के बजाय लोगों के घरों से चिपक कर चले जिससे लीकेज तत्काल दिखे और अवैध पाइपलाइन से चोरी स्पष्ट पता चले। पीने का पानी आरओ (**RO**) वाटर होगा जो टंकी में लगे प्लांट से सप्लाई होगा और आरओ (**RO**) का बाहर निकला पानी टंकी से निस्तारी पाइपलाइन में चला जाएगा। मीटर की व्यवस्था इसमें आवश्यक रहेगी।

*-पूर्व विधायक महासमुंद, प्रदेश संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ भाजपा*

# सोमनाथः अटूट आस्था के 1000 वर्ष (1026-2026)



विशेष

नरेंद्र मोदी

सोमनाथ... ये शब्द सुनते ही हमारे मन और हृदय में गर्व और आस्था की भावना भर जाती है। भारत के पश्चिमी तट पर गुजरात में, प्रभास पाटन नाम की जगह पर स्थित सोमनाथ, भारत की आत्मा का शाश्वत प्रस्तुतिकरण है। द्वादश ज्योतिर्लिंग स्तोत्रम में भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों का उल्लेख है। ज्योतिर्लिंगों का वर्णन इस पंक्ति से शुरू होता है..."सौराष्ट्रे सोमनाथं च... यानि ज्योतिर्लिंगों में सबसे पहले सोमनाथ का उल्लेख आता है। ये इस पवित्र धाम की सभ्यतागत और आध्यात्मिक महत्ता का प्रतीक है। शास्त्रों में ये भी कहा गया है-

*'सोमलिङ्गं नरो दृष्ट्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते।*
*लभते फलं मनोवाञ्छितं मृतः स्वर्गं समाश्रयेत॥'*

अर्थात, सोमनाथ शिवलिंग के दर्शन से व्यक्ति अपने सभी पापों से मुक्त हो जाता है। मन में जो भी पुण्य कामनाएं होती हैं, वो पूरी होती हैं और मृत्यु के बाद आत्मा स्वर्ग को प्राप्त होती है।

दुर्भाग्यवश, यही सोमनाथ, जो करोड़ों लोगों की श्रद्धा और प्रार्थनाओं का केंद्र था, विदेशी आक्रमणकारियों का निशाना बना, जिनका उद्देश्य विध्वंस था। वर्ष 2026 सोमनाथ मंदिर के लिए बहुत महत्व रखता है क्योंकि इस महान तीर्थ पर हुए पहले आक्रमण के 1000 वर्ष पूरे हो रहे हैं। जनवरी 1026 में गजनी के महमूद ने इस मंदिर पर बड़ा आक्रमण किया था, इस मंदिर को ध्वस्त कर दिया था। यह आक्रमण आस्था और सभ्यता के एक महान प्रतीक को नष्ट करने के उद्देश्य से किया गया एक हिंसक और बर्बर प्रयास था। सोमनाथ हमला मानव इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदियों में शामिल है। फिर भी, एक हजार वर्ष बाद आज भी यह मंदिर पूरे गौरव के साथ खड़ा है। साल 1026 के बाद समय-समय पर इस मंदिर को उसके पूरे वैभव के साथ पुनःनिर्मित करने के प्रयास जारी रहे। मंदिर का वर्तमान स्वरूप 1951 में आकार ले सका। संयोग से 2026 का यही वर्ष सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने का भी वर्ष है। 11 मई 1951 को इस मंदिर का पुनर्निर्माण सम्पन्न हुआ था। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की उपस्थिति में हुआ वो समारोह ऐतिहासिक था, जब मंदिर के द्वार दर्शनों के लिए खोले गए थे।

1026 में एक हजार वर्ष पहले सोमनाथ पर हुए पहले आक्रमण, वहां के लोगों के साथ की गई क्रूरता और विध्वंस का वर्णन अनेक ऐतिहासिक स्रोतों में विस्तार से मिलता है। जब इन्हें पढ़ा जाता है तो हृदय कांप उठता है। हर पंक्ति में क्रूरता के निशान मिलते हैं, ये ऐसा दुःख है जिसकी पीड़ा इतने समय बाद भी महसूस होती है। हम कल्पना कर सकते हैं कि इसका उस दौर में भारत पर और लोगों के मनोबल पर कितना गहरा प्रभाव पड़ा होगा। सोमनाथ मंदिर का आध्यात्मिक महत्व बहुत ज्यादा था। ये बड़ी संख्या में लोगों को अपनी ओर खींचता था। ये एक ऐसे समाज की प्रेरणा था जिसकी आर्थिक क्षमता भी बहुत सशक्त थी। हमारे समुद्री व्यापारी और नाविक इसके वैभव की कथाएं दूर-दूर तक ले जाते थे।



सोमनाथ पर हमले और फिर गुलामी के लंबे कालखंड के बावजूद आज मैं पूरे विश्वास के साथ और गर्व से ये कहना चाहता हूं कि सोमनाथ की गाथा विध्वंस की कहानी नहीं है। ये पिछले 1000 साल से चली आ रही भारत माता की करोड़ों संतानों के स्वाभिमान की गाथा है, ये हम भारत के लोगों की अटूट आस्था की गाथा है।

महमूद गजनवी लूटकर चला गया, लेकिन सोमनाथ के प्रति हमारी भावना को हमसे छीन नहीं सका। सोमनाथ से जुड़ी हमारी आस्था, हमारा विश्वास और प्रबल हुआ। उसकी आत्मा लाखों श्रद्धालुओं की भीतर सांस लेती रही। साल 1026 के हजार साल बाद आज 2026 में भी सोमनाथ मंदिर दुनिया को संदेश दे रहा है, कि मिटाने की मानसिकता रखने वाले खत्म हो जाते हैं, जबकि सोमनाथ मंदिर आज हमारे विश्वास का मजबूत आधार बनकर खड़ा है। वो आज भी हमारी प्रेरणा का स्रोत है, वो आज भी हमारी शक्ति का पुंज है।

ये हमारा सौभाग्य है कि हमने उस धरती पर जीवन पाया है, जिसने देवी अहिल्याबाई होलकर जैसी महान विभूति को जन्म दिया। उन्होंने ये सुनिश्चित करने का पुण्य प्रयास किया कि श्रद्धालु सोमनाथ में पूजा कर सकें। 1890 के दशक में स्वामी विवेकानंद भी सोमनाथ आए थे, वो अनुभव उन्हें भीतर तक आंदोलित कर गया। 1897 में चेन्नई में दिए गए एक व्याख्यान के दौरान उन्होंने अपनी भावना व्यक्त की।

ये सर्वविदित है कि आजादी के बाद सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का पवित्र दायित्व सरदार वल्लभभाई पटेल के सक्षम हाथों में आया। उन्होंने आगे बढ़कर इस दायित्व के लिए कदम बढ़ाया। 1947 में दीवाली के समय उनकी सोमनाथ यात्रा हुई। उस यात्रा के अनुभव ने उन्हें भीतर तक झकझोर दिया, उसी समय उन्होंने घोषणा की कि यहीं सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण होगा। अंततः 11 मई 1951 को सोमनाथ में भव्य मंदिर के द्वार श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए।

उस अवसर पर तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद उपस्थित थे। महान सरदार साहब इस ऐतिहासिक दिन को देखने के लिए जीवित नहीं थे, लेकिन उनका सपना राष्ट्र के सामने साकार होकर भव्य रूप में उपस्थित था।

तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू इस घटना से अधिक उत्साहित नहीं थे। वो नहीं चाहते थे कि माननीय राष्ट्रपति और मंत्री इस समारोह का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि इस घटना से भारत की छवि खराब होगी। लेकिन राजेंद्र बाबू अडिग रहे, और फिर जो हुआ, उसने एक नया इतिहास रच दिया।

सोमनाथ मंदिर का कोई भी उल्लेख के.एम. मुंशी जी के योगदानों को याद किए बिना अधूरा है। उन्होंने उस समय सरदार पटेल का प्रभावी रूप से समर्थन किया था। सोमनाथ पर उनका कार्य, विशेष रूप से उनकी पुस्तक 'सोमनाथ, द श्राइन इटरनल', अवश्य पढ़ी जानी चाहिए। जैसा कि मुंशी जी की पुस्तक के शीर्षक से स्पष्ट होता है, हम एक ऐसी सभ्यता हैं जो आत्मा और विचारों की अमरता में अटूट विश्वास रखती है। हम विश्वास करते हैं- नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः। सोमनाथ का भौतिक ढांचा नष्ट हो गया, लेकिन उसकी चेतना अमर रही।

इन्हीं विचारों ने हमें हर कालखंड में, हर परिस्थिति में फिर से उठ खड़े होने, मजबूत बनने और आगे बढ़ने का सामर्थ्य दिया है। इन्हीं मूल्यों और हमारे लोगों के संकल्प की वजह से आज भारत पर दुनिया की नजर है। दुनिया भारत को आशा और विश्वास की दृष्टि से देख रही है। वो हमारे इनोवेटिव युवाओं में निवेश करना चाहती है। हमारी कला, हमारी संस्कृति, हमारा संगीत और हमारे अनेक पर्व आज वैश्विक पहचान बना रहे हैं। योग और आयुर्वेद जैसे विषय पूरी दुनिया में प्रभाव डाल रहे हैं। ये स्वस्थ जीवन को बढ़ावा दे रहे हैं। आज कई वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए दुनिया भारत की ओर देख रही है। अनादि काल से सोमनाथ जीवन के हर क्षेत्र के लोगों को जोड़ता आया है। सदियों पहले जैन परंपरा के आदरणीय मुनि कलिकाल सर्वज्ञ हेमचंद्राचार्य यहां आए थे और कहा जाता है कि प्रार्थना के बाद उन्होंने कहा-

*भवबीजाङ्कुरजनना रागाद्याः क्षयमुपगता यस्य।*


अर्थात, उस परम तत्व को नमन जिसमें सांसारिक बंधनों के बीज नष्ट हो चुके हैं। जिसमें राग और सभी विकार शांत हो गए हैं। आज भी दादा सोमनाथ के दर्शन से ऐसी ही अनुभूति होती है। मन में एक ठहराव आ जाता है, आत्मा को अंदर तक कुछ स्पर्श करता है, जो अलौकिक है, अव्यक्त है। 1026 के पहले आक्रमण के एक हजार वर्ष बाद 2026 में भी सोमनाथ का समुद्र उसी तीव्रता से गर्जना करता है और तट को स्पर्श करती लहरें उसकी पूरी गाथा सुनाती हैं। उन लहरों की तरह सोमनाथ बार-बार उठता रहा है।

अतीत के आक्रमणकारी आज समय की धूल बन चुके हैं। उनका नाम अब विनाश के प्रतीक के तौर पर लिया जाता है। इतिहास के पन्नों में वे केवल फुटनोट हैं, जबकि सोमनाथ आज भी अपनी आशा बिखेरता हुआ प्रकाशमान खड़ा है। सोमनाथ हमें ये बताता है कि घृणा और कट्टरता में विनाश की विकृत ताकत हो सकती है, लेकिन आस्था में सृजन की शक्ति होती है। करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए सोमनाथ आज भी आशा का अनंत नाद है। ये विश्वास का वो स्वर है, जो टूटने के बाद भी उठने की प्रेरणा देता है।

अगर हजार साल पहले खंडित हुआ सोमनाथ मंदिर अपने पूरे वैभव के साथ फिर से खड़ा हो सकता है, तो हम हजार साल पहले का समृद्ध भारत भी बना सकते हैं। आइए, इसी प्रेरणा के साथ हम आगे बढ़ते हैं। एक नए संकल्प के साथ, एक विकसित भारत के निर्माण के लिए। एक ऐसा भारत, जिसका सभ्यतागत ज्ञान हमें विश्व कल्याण के लिए प्रयास करते रहने की प्रेरणा देता है। जय सोमनाथ !

***-नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री हैं और श्री सोमनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष भी हैं।***

# मुंह के मौन से ज़्यादा ज़रूरी 'मन का मौन'



संकलित

दर्शन

हम सभी मनुष्य जन्मते ही अपना मुख चलाना शुरू कर देते हैं, जिसका प्रमाण है जन्म लेते ही शिशु का रोना। बोलना हमारी स्वाभाविक क्रिया है, जो हमें करनी ही पड़ती है। यह बात और है कि कभी-कभी बाहर के शोर में हम इतने खो जाते हैं कि ईश्वर का स्वर हमें सुनाई ही नहीं पड़ता। इसीलिए ही महापुरुषों से हमें एक उत्तम राय मिलती है कि सप्ताह में या माह में एक दिन अवश्य मौन रहें, परंतु हम मुख को तो बंद कर लेते हैं, परंतु हमारे मन का बोलना बंद नहीं हो पाता। इसलिए ही तो अधिकतर डाक्टर सभी मरीजों को कहते हैं कि 'अपने मन को ज्यादा नहीं चलाओ।' अर्थात 'मन का मौन' करो। कहते हैं कि बिना हड्डी की जीभ जब बोलने लगती है, तो कइयों की हड्डियां तोड़ देती है। इसीलिए तो हमें यह बचपन से सिखाया जाता है कि पहले सोचो फिर बोलो, क्योंकि जैसे कमान से निकला हुआ तीर वापस नहीं आता, ठीक उसी तरह मुख से निकला हुआ वचन भी वापस नहीं लिया जा सकता। इसका सबसे श्रेष्ठ उदहारण है महाभारत की कथा, जिससे हमें यह सीख मिलती है कि कैसे एक जुबान के फिसलने से संकटकाल का निर्माण हो गया। इसीलिए 'कम बोलें-धीरे बोलें-मीठा बोलें।' हम जब भी कुछ बोलें तो हमारे वचन दूसरों के लिए सुखदायी हों, न कि कांटा चुभाने वाले दुखदायी। संसार में ऐसे अनेक लोग हैं जिन्होंने कटु वचन बोलने के संस्कार के कारण अपने संबंधों में खटास पैदा कर ली है। इसलिए हमें सदैव सही समय और सही जगह पर सही शब्द का प्रयोग करना चाहिए।

# सत्कर्मों में सदैव आस्था रखें



संकलित

प्रेरणा

एक नदी के तट पर एक शिव मंदिर था, एक पंडितजी और एक चोर प्रतिदिन अपनी-अपनी आस्था के अनुरूप मंदिर आया करते थे। जहां पंडितजी फल फूल, दूध चंदन आदि से प्रतिदिन शिवजी की पूजा करते। वहीं वह चोर रोज भगवान को खरी-खोटी सुनाता और अपने भाग्य को कोसता रहता। एक दिन पंडितजी और चोर एक साथ मंदिर से बाहर निकले। निकलते ही चोर को स्वर्णमुद्राओं से भरी एक थैली मिल गई। जबकि ठीक उसी समय पंडितजी के पैर में एक कील घुस गई। चोर स्वर्ण मुद्राओं से भरे थैले को पाकर अत्यंत प्रसन्न था। जबकि पंडितजी पीड़ा से परेशन थे, लेकिन पंडितजी को कील की पीड़ा से अधिक इस बात का कष्ट था कि मेरे पूजा पाठ करने के बाद भी बदले में भगवान ने मुझे कष्ट दिया। जबकि इस चोर के कुकर्मों के बदले में उसे स्वर्णमुद्राओं के रूप में पुरस्कार मिला। तब मंदिर से आवाज आई- हे पंडित! आज तुम्हारे साथ एक बड़ी दुर्घटना होने वाली थी। लेकिन तुम्हारे सत्कर्मों के कारण तुम केवल कील लगने की पीड़ा पाकर ही मुक्त हो गए। जबकि इस चोर के भाग्य में आज अपार धन संपत्ति प्राप्ति का योग था। लेकिन अपने कुकर्मों के कारण उसे केवल कुछ मुद्राएँ ही मिली हैं। अच्छे कर्म से ही मनुष्य का भविष्य एवं भाग्य बनता बिगड़ता है। इसलिए सदैव सत्कर्मों में आस्था बनाए रखना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### चिंताजनक है हिंदुओं की हत्याएं

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं की हत्याएं और उत्पीड़न अब सारी हदें लांघ चुके हैं। दीपू चंद्र दास की हत्या हृदयविदारक है। यूनुस के कार्यकाल में 2900 से अधिक घटनाएं हो चुकी हैं। जब भारत 1971 में मानवता के नाते बांग्लादेश को स्वतंत्र करवा सकता है, लाखों तिब्बतियों, नेपालियों और रोहिंग्याओं के भार को झेल सकता है, तो क्या बांग्लादेश में बलि के बकरे बनते हिंदुओं को बचाने के लिए कुछ नहीं कर सकता? पीड़ितों की सहायता को भारत को आगे आना चाहिए और विश्व समुदाय को भी इस नरसंहार से आंखें न मूंदकर शीघ्र बीच-बचाव कर हस्तक्षेप करना चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर की पुनरावृत्ति का सही समय है। हिंदू हितों की बात करने का भी यही मौका है।

*- महेश चौबे, दुर्ग*

## ट्रेंड

### परियोजनाओं का उद्घाटन



मोदी सरकार अंडमान और निकोबार को भारत के व्यापार, पर्यटन और रणनीतिक शक्ति का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनाने की दिशा में काम कर रही है। आज विजयपुरम में अस्पतालों और सड़कों सहित 315 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया और 58 करोड़ की परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी गई।

- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### रैन बसेरों का निरीक्षण



शीतलहर के प्रकोप से हर बेसहारा और जरूरतमंद का बचाव सुनिश्चित करने हेतु प्रदेश के प्रत्येक जनपद में रैन बसेरों की व्यवस्था की गई है। आज वाराणसी के टाउन हॉल में रैन बसेरों का निरीक्षण किया।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### बर्मन को श्रद्धांजलि



महान संगीतकार राहुल देव बर्मन की रचनाओं ने भारत के संगीत को नया रूप दिया, जिनकी गूंज पूरी दुनिया में सुनाई देती है। उनकी पुण्यतिथि पर, उस महान हस्ती को मेरी श्रद्धांजलि, जिनके संगीत ने हमारे बचपन को रोशन किया।

- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम

### गरीबों का संबल



महात्मा गांधी नरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा और गरीबों का संबल है। यूपीए सरकार ने इसे आमजन का 'कानूनी अधिकार' बनाया था, जिसे मोदी सरकार कमजोर करने का कुप्रयास कर रही है।

-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान



## करंट अफेयर

# वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई खतरनाक : संरा

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने वेनेजुएला और उसके राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के खिलाफ अमेरिका की कार्रवाई पर चिंता जताते हुए कहा कि ये घटनाक्रम 'खतरनाक मिसाल' कायम करते हैं।



महासचिव के प्रवक्ता की ओर से शनिवार को जारी बयान में कहा गया कि गुतारेस 'वेनेजुएला में हाल में हुए उस घटनाक्रम से अत्यंत चिंतित हैं जिसके तहत अमेरिका ने आज देश में सैन्य कार्रवाई की और क्षेत्र के लिए इसके संभावित रूप से चिंताजनक निहितार्थ हो सकते हैं।' गुतारेस ने कहा कि वेनेजुएला की स्थिति से अलग, 'ये घटनाक्रम एक खतरनाक मिसाल कायम करते हैं।' उन्होंने कहा कि उन्हें 'इस बात की गहरी चिंता है कि अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान नहीं किया गया।' मादुरो और उनकी पत्नी पर न्यूयॉर्क के संघीय अधिकारियों ने मादक पदार्थों से संबंधित आतंकवाद की साजिश और अमेरिका के खिलाफ विनाशकारी उपकरण रखने की साजिश के आरोपों में अभियोग लगाया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार तड़के 'ट्रुथ सोशल' पर घोषणा की थी कि अमेरिका ने वेनेजुएला और मादुरो के खिलाफ 'बड़े पैमाने' पर 'सफलतापूर्वक' हमला किया और 'मादुरो को उनकी पत्नी के साथ पकड़ लिया गया है एवं उन्हें देश से बाहर ले जाया गया है।

## ऑफ बीट

# पहले गठिया सिर्फ अमीरों की बीमारी थी; अब आम

गठिया 'क्रिस्टल आर्थ्रोपेथी' समूह का एक रोग है, जो जोड़ों और मुलायम ऊतकों में 'क्रिस्टल' जमने के कारण होता है। गठिया तब विकसित होता है, जब खून में यूरिक एसिड का स्तर बढ़ जाता है और यह जोड़ों में पहुंचकर सुई-नुमा 'क्रिस्टल' का रूप अख्तियार कर लेता है, जिससे तीव्र दर्द और सूजन की शिकायत सताती है। यह आमतौर पर पैर के अंगूठे से शुरू होता है और इसमें त्वचा पर हल्का-सा स्पर्श भी अक्सर असहनीय लगता है। गठिया के कुछ मरीज अपने पैर के ऊपर एक विशेष पिंजरा रखकर सोते हैं, जिससे चादर सीधे उनके पैर पर नहीं पड़ती, क्योंकि वे प्रभावित जोड़ों पर चादर का भार भी सहन करने की स्थिति में नहीं होते।



गठिया अन्य जोड़ों को भी प्रभावित कर सकता है। यह 'टोफी' (नरम ऊतकों या जोड़ों के पास की हड्डियों में मोनोसोडियम यूरेट का पत्थर जैसा जमाव) विकसित होने का कारण बन सकता है। गठिया का निदान असहनीय दर्द, प्रभावित जोड़ों में और उनके आसपास सूजन तथा लालिमा जैसे आम लक्षणों पर आधारित है। सूजे हुए जोड़ से लिए गए तरल पदार्थ की माइक्रोस्कोप से जांच किए जाने के दौरान 'क्रिस्टल' दिखाई दे सकते हैं। इसके अलावा, रक्त परीक्षण में आमतौर पर यूरिक एसिड का स्तर बढ़ा हुआ मिलता है।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन को लेकर सोनभद्र पुलिस की सशक्त पहल

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जनपद सोनभद्र पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आज जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर जागरूकता एवं सुरक्षा संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए गए इस अभियान के दौरान महिला पुलिस कर्मियों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित कर उन्हें महिला हेल्पलाइनझ 1090, आपातकालीन सेवाझ112, चाइल्ड हेल्पलाइनझ 1098, साइबर अपराध हेल्पलाइनझ 1930 सहित अन्य सुरक्षा संसाधनों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, छेड़छाड़, साइबर उत्पीड़न एवं घरेलू हिंसा जैसी घटनाओं की स्थिति में त्वरित शिकायत दर्ज कराने हेतु प्रेरित किया गया। जनपद पुलिस द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि महिलाओं के विरुद्ध अपराध करने वालों के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जा रही है तथा प्रत्येक शिकायत पर त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। सोनभद्र पुलिस जनपद की प्रत्येक महिला एवं बालिका की सुरक्षा हेतु सतत प्रतिबद्ध है तथा मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से सुरक्षित, सशक्त एवं आत्मनिर्भर समाज के निर्माण की दिशा में निरंतर प्रयासरत है।

# सोनभद्र पुलिस द्वारा 03 लाख की हेरोइन बरामद कर 02 अभियुक्त किया गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर कुमार मिश्रा के कुशल पर्यवेक्षण में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा उरमौरा क्षेत्र से अभियुक्ता पानपत्ती देवी पत्नी ओमप्रकाश यादव एवं अभियुक्त राधेश्याम यादव पुत्र ओमप्रकाश यादव, निवासीगण उरमौरा, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र के कब्जे से 20.70 ग्राम नाजायज हेरोइन (अनुमानित कीमत ?03 लाख) बरामद कर दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में थाना रॉबर्ट्सगंज पर मु0अ0सं0-09/2026, धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# अब ब्लॉक स्तरीय अस्पतालों से इकट्ठा होंगे सैम्पल, मोबाइल पर मिलेगी ब्लड रिपोर्ट

**सीएमओ ने संबंधित ब्लॉक स्तरीय अस्पतालों के अधिकारियों को भेजा पत्र**

**करीब नौ हार्मोनल जांचों के लिए इकट्ठा किए जाएंगे सैम्पल**

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। जिले के शहरी क्षेत्र के दस अस्पतालों में पैथालॉजिकल टेस्ट की सैम्पल ट्रांसपोर्ट सुविधा की सफलता के बाद अब इसे ब्लॉक स्तरीय अस्पतालों में भी लागू करने की तैयारी है। सीएमओ डॉ राजेश झा ने ब्लॉक स्तरीय अस्पतालों के अधीक्षक और प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को पत्र जारी कर इस सुविधा का प्रचार प्रसार करने को कहा है। पत्र के मुताबिक इन ब्लॉक स्तरीय अस्पतालों में करीब नौ हार्मोनल जांचों के लिए ब्लड सैम्पल इकट्ठा किए जाएंगे और जिला अस्पताल स्थित लैब में भेजे जाएंगे। इन सैम्पल की रिपोर्ट लाभार्थी के मोबाइल नंबर पर भेजी जाएगी। सीएमओ डॉ राजेश झा ने बताया कि ब्लॉक स्तरीय अस्पतालों में पचास से अधिक प्रकार की जांचें पहले से ही हो रही हैं। अब वहां पर हार्मोनल जांचों के लिए सैम्पल देने की भी व्यवस्था की जा रही है। इन जांचों में टी थ्री, टी फोर, टीएसएच, एफएसएच, विटामिन बी बारह, विटामिन डी, टोटल पीएसए, एचबीवनसी और प्रोलैक्टिन (ईटीसी) जैसी जांचें शामिल हैं। अलग-अलग ब्लॉक स्तरीय अस्पताल पर सैम्पल कलेक्शन के लिए अलग-अलग कार्यदिवस निर्धारित किए गए हैं। सीएमओ ने बताया कि जिला स्तरीय आईपीएचएल लैब में सौ से अधिक प्रकार की जांचों की सुविधा उपलब्ध है। ऐसे में इस लैब तक सैम्पल ट्रांसपोर्ट सुविधा के जरिए लोग अपने आसपास के अस्पतालों से हार्मोनल जांच की सुविधा भी प्राप्त कर सकते हैं। डॉ झा ने बताया कि सोमवार को चरगांवा, भटहट व पिपराइच सीएचसी, मंगलवार को पाली, सहजनवां एवं पिपरौली सीएचसी व खजनी पीएचसी, बुधवार को बड़हलगंज, गगहा तथा बांसगांव सीएचसी, बृहस्पतिवार को चरगांवा, सरदारनगर व खोराबार पीएचसी, जबकि शुक्रवार को जंगल कौड़िया एवं कैम्पियरगंज सीएचसी पर ब्लड सैम्पल देने की सुविधा उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि जिले में करीब 22 अस्पतालों में ऑटो एनालाइजर व अन्य उपकरणों के लग जाने से ब्लड संबंधित अधिकतम जांचें स्थानीय स्तर पर ही संभव है। सीएमओ डॉ झा ने जनपदवासियों से अपील की कि सभी प्रमुख जांचें और दवाएं सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध है। ऐसे में स्वास्थ्य सम्बन्धी कोई भी दिक्कत होने पर स्थानीय सरकारी अस्पताल या आयुष्मान आरोग्य मंदिर की सेवाएं प्राप्त करें। जांच व दवाओं की सुविधा निःशुल्क दी जा रही हैं।

खास समाचार

# पतंगबाजी में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे का उपयोग बन सकता है जानलेवा

**मकरसंक्रांति पर पतंगबाजी में सतर्कता जरुरी**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। मकरसंक्रांति का पावन पर्व ज्यों ज्यों नजदीक आता जा रहा है, त्यों त्यों जनपद के विभिन्न नगरीय एवं ग्रामीण बाजारों में गुड लाई लावा, तिल से बनी मिठाइयों के साथ ही पतंग- माझा आदि की दुकानें भी सजने लगी हैं। खिचड़ी-मकरसंक्रांति के मौके पर जगह जगह पतंगबाजी की पुरानी परम्परा रही है, जिसे लेकर बच्चे बडे.सभी उत्साहित रहते हैं। ऐसे मौके पर पतंगबाजी में सामान्य माझे के स्थान पर चाइनीज मांझे का उपयोग अप्रिय अनहोनी को आमंत्रित करता है। प्रतिबंधित चाइनीज मांझा अत्यंत तेज एवं मजबूत होने के कारण पतंग उड़ाने के दौरान आमजन, विशेषकर राहगीरों, दोपहिया वाहन चालकों तथा नील गगन में उड़ते पंछियों के लिए गंभीर खतरा बन जाता है। पूर्व की घटनाओं को संज्ञान लेते हुए शासन ने चाइनीज मांझे के उपयोग एवं बिक्री को प्रतिबंधित कर रखा है लेकिन आमजन की जागरुकता एवं सहयोग के बिना इस पर पूरी तरह नियंत्रण कर पाना केवल पुलिस के बल पर संभव नहीं लगता। पुलिस प्रशासन हालांकि इस दिशा में मुस्तैद है लेकिन आमजन का सहयोग और जागरुकता भी जरूरी है। आमजन को चाहिए कि प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के स्वयं उपयोग से बचते हुए इस की बिक्री एवं भंडारण की तत्काल सूचना नजदीकी थाने अथवा पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 पर सूचना दे, जिससे समय रहते आवश्यक कार्यवाही की जा सके। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाता है।

# जेएसएम प्रीमियर लीग पर्व तिसरी क्रिकेट प्रतियोगिताः अंश मराठा टीम बनी विजेता

अमन लेखनी समाचार




मुंबईःजय संतोषी माता प्रीमियर लीग (जेएसएम प्रीमियर लीग) पर्व तिसरी क्रिकेट प्रतियोगिता में अंश मराठा टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता बनने का खिताब हासिल किया। प्रीमियर लीग प्रतियोगिता घटकोपर में सम्पन्न हुई।फाइनल मुकाबले में अंश मराठा और के आर ए इलेवन टीम के बीच रोमांचक संघर्ष देखने को मिला। जबकि अंतिम मुकाबले में अंश मराठा टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 23 रन बनाए और के आर ए इलेवन टीम को 24 रनों का लक्ष्य दिया। चार ओवरों के इस मैच में अंश मराठा टीम ने दो रनों से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में श्रीशा वॉरियर्स टीम को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ, जबकि क्रतीक 11 टीम को चौथे स्थान पर संतोष करना पड़ा। 3 जनवरी 2026 से 4 जनवरी 2026 तक आयोजित दो दिवसीय इस क्रिकेट टूनार्मेंट में कुल छह टीमों ने भाग लिया। रविवार रात 9 बजे फाइनल मुकाबला खेला गया, जिसमें अंश मराठा और के आर ए इलेवन आमने-सामने थे। विजेता अंश मराठा टीम के कप्तान प्रमोद बालगुडे को जय संतोषी माता सोसायटी के अध्यक्ष सुभाष पवार, मंडल अध्यक्ष राजेश पवार एवं सदस्य बालकृष्ण शेलार के हाथों ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं उपविजेता के आर ए इलेवन टीम के कप्तान राजेश शिंदे को भी ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट गेंदबाज का पुरस्कार विकास पवार, उत्कृष्ट बल्लेबाज का पुरस्कार रोहित भगत, उत्कृष्ट क्षेत्ररक्षक का पुरस्कार विवेक निगडे को प्रदान किया गया, जबकि मैन ऑफ द सीरीज का सम्मान राजेश शिंदे को मिला।

# सरकारी अस्पताल का कूट रचित दस्तावेज लगाकर लाभ लेने - देने वालों पर हो कार्यवाहीः दिलीप गहरवार

**श्रम विभाग में बिना जन्मे बच्चे की योजना में भ्रष्टाचार**

**भ्रष्टाचार साबित, कार्रवाई न होने पर जांच अधिकारी से पूछा सवाल**

अमन लेखनी समाचार

मीरजापुर। जिले के श्रम विभाग में भ्रष्टाचार व्याप्त है, अधिकारी कर्मचारी मजदूरों का हक लूट रहे हैं उक्त बाते करणी सेना जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह गहरवार ने कही। श्री गहरवार सोमवार को जिलाधिकारी के अनुपस्थिति में जांच अधिकारी अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अजीत कुमार से मिलकर बीते दिनों श्रम विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार मामले में दी गई शिकायती पत्र के संदर्भ में मिलकर जल्द से जल्द दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की। श्री गहरवार ने यह भी बताया कि उन्होंने जो दस्तावेज पत्र के साथ संलग्न किया है वह श्रम विभाग के उच्चाधिकारी द्वारा की गई जांच रिपोर्ट है जिसमें स्पष्ट है कि लाभ लेने और योजना में लाभ देने वाले दोनों प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से दोषी हैं। यह सिद्ध है कि भ्रष्टाचार हुआ है तो कार्यवाही में वसूली के साथ साथ दोषियों के विरुद्ध एफ आई आर भी होना चाहिए जो कि इन सारे मामले में सरकारी कूट रचित दस्तावेज जैसे जन्म प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर नकल, अस्पताल का प्रसव प्रमाण पत्र, आंगन वाड़ी कार्यकत्री का प्रमाण पत्र का प्रयोग हुआ है। देखने वाली बात यह है कि मामला लगातार मीडिया में आने के बाद अधिकारी की सुस्ती कुछ और की तरफ इशारा कर रहा है। मामला करोड़ों के भ्रष्टाचार का है, भ्रष्ट अधिकारी कर्मचारी के गुर्गे एफ आई आर न हो इसकी भरपूर कोशिश में हैं। शिकायत में संलग्न जांच रिपोर्ट में शिशु एवं मातृत्व बालिका मदद योजना के 105 आवेदनों की जांच की गयी थी जिसमें, 90 आवेदन फर्जी पाये गये हैं। इस संबंध में श्रम विभाग ने सभी को वसूली नोटिस जारी किया है, जबकि कानून के जानकार कहते हैं कि इसमें धोखाधड़ी एवं कूट रचित दस्तावेज लगे होने के कारण एफ आई आर होना चाहिए। जिसकी पुष्टि पूर्व के उप श्रमायुक्त मिजार्पुर क्षेत्र, पिपरी सोनभद्र पंकज सिंह राणा की रिपोर्ट करती है। कार्यालय आदेश पत्र संख्या 992-98 एमआर. पिप भ.नि., (जांच) - 2024 01 मई 2024 इसका उदाहरण है, रिपोर्ट के अनुसार विंध्याचल थाना क्षेत्र में 12 आवेदनों की जांच में सभी 12 फर्जी पाये गये थे, जिसमें कूट रचित कागजाज के आधार पर 11 के खाते में फर्जी लाभ लिये - दिये गये थे।उप श्रमायुक्त श्री राणा ने भी अपने जांच, आदेश में उक्त लाभार्थियों तथा कूट रचित दस्तावेज तैयार करने वाले अज्ञात के विरूद्ध तत्कालिन भादवि की धारा-120 बी, 192, 197, 420, 464, 467, 468 तथा 471 तथा अन्य सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कराये जाने का आदेश तत्कालिन असिस्टेंट लेबर कमिश्नर सुविज्ञ सिंह को दिया था।

# बीत गए दस साल, ब्लॉक नहीं बना पाया आंगनबाड़ी केंद्र

अमन लेखनी समाचार

नसीराबाद, रायबरेली। बाल विकास परियोजना और खंड विकास अधिकारियों की लापरवाही तथा दायित्व के प्रति नकारात्मक रवैये के कारण वर्ष 2015-16 और 2016-17 में स्वीकृत चार आंगनबाड़ी केंद्र आज भी अधूरे पड़े हैं। कई जिलाधिकारियों की समीक्षा तथा निर्देश कूड़ेदान में चले गए हैं। छतोह ब्लॉक में वित्तीय वर्ष 2015-16 और 2016-17 में ग्राम कुढ़ा, मठिया मजरे बेढ़ोना, राजापुर मजरे कुंवर मऊ और धनापुर मजरे पदुमपुर में एक-एक कुल चार आंगनबाड़ी केंद्र स्वीकृत किए गए थे जिनके निर्माण का दायित्व क्षेत्र पंचायत छतोह का था। बाल विकास परियोजना, क्षेत्र पंचायत और संबंधित ग्राम पंचायत को वित्तीय सहभागिता करनी थी किंतु निर्माण एजेंसी क्षेत्र पंचायत ने इसे गंभीरता से नहीं लिया।अपना अंशदान क्षेत्र पंचायत को देने के बाद बाल विकास विभाग ने इसकी समीक्षा तक नहीं की। परिणाम स्वरूप चारों आंगनबाड़ी केंद्र आज भी अधूरे पड़े हैं। समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित होने के बाद समय-समय पर तत्कालीन जिलाधिकारियों ने निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए किंतु वे सब कूड़ेदान में चले गए और क्षेत्र पंचायत छतोह ने 10 वर्ष बीत जाने के बाद भी आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण पूरा नहीं कराया। इन केंद्रों पर नामांकित बच्चे कार्यकर्त्रियां और सहायिकाये किसी अन्य विभाग या स्थानीय किसी व्यक्ति के रहमोकरम पर समय काट रहे हैं। देखना यह है कि जिला प्रशासन कितनी सख्ती करता है और कितने दिनों में चारों आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण करवा पाता है।

# दुद्धी पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट में वांछित ईनामिया अभियुक्त गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। दिनांक 01.01.2026 को थाना दुद्धी पर मु0अ0सं0-01/2026, धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम, 1986 के अंतर्गत निम्न अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था–

महेन्द्र कुमार यादव पुत्र विजय यादव निवासी ग्राम घिवही, थाना दुद्धी, जनपद सोनभद्र

अखिलेश कुमार यादव पुत्र बैजनाथ यादव निवासी कुदल, थाना कोन, जनपद सोनभद्र

सूरज कुमार पुत्र उदय चन्द्रवंशी निवासी घिवही, थाना विण्ढमगंज जनपद सोनभद्र

आशीष यादव पुत्र राजेन्द्र यादव निवासी मुड़ी समेरा, थाना विण्ढमगंज, जनपद सोनभद्र

उक्त अभियोग में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा दिये गये विशेष निदेशों के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के नेतृत्व तथा क्षेत्राधिकारी दुद्धी के निकट पर्यवेक्षण में थाना दुद्धी पुलिस द्वारा अथक प्रयास किए गए। इसी क्रम में आज दिनांक 05.01.2026 को थाना दुद्धी पुलिस द्वारा वांछित ईनामिया अभियुक्त महेन्द्र कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। अन्य वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रयास जारी हैं।

# निरोगी रहने के लिए देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में चल रहा योगाभ्यासः कृपा नारायण मिश्र

**-बाबा रामदेव के योगाभ्यास कार्यक्रम की की हुई सराहना, योग करने का लिया संकल्प।**

**-पत्रकार, अधिवक्ता एवं योगसाधकों को किया गया सम्मानित।**

**-भारत स्वाभिमान स्थापना दिवस के 30 वर्ष पूर्ण होने पर पतंजलि योग परिवार सोनभद्र ने किया भव्य आयोजन।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पतंजलि योग परिवार सोनभद्र के तत्वाधान में योग, आयुर्वेद, स्वदेशी एवं सनातन की निष्काम सेवा साधना एवं संघर्ष के 30 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में जिला स्तरीय सम्मेलन का भव्य कार्यक्रम, सोनभद्र बार एसोसिएशन सभागार सोनभद्र में सोमवार को पतंजलि योग परिवार के पदाधिकारीयों एवं योग साधकों द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें बाबा रामदेव के योगाभ्यास कार्यक्रम की सराहना की गई। योगसाधकों ने योग करने का संकल्प लिया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार, अधिवक्ता एवं योगसाधकों को अंगवस्त्र व योग संदेश पत्रिका देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र एल्डर कमेटी चेयरमैन कृपा नारायण मिश्रा ने कहा कि योग की विद्या पूरी तरह से विलुप्त हो चुकी थी, उसे स्वामी बाबा रामदेव जी ने आज देश ही नहीं बल्कि विदेशों में योगाभ्यास कराकर सबको निरोगी बना रहे हैं विशिष्ट अतिथि सोनभद्र बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री विनोद कुमार शुक्ला एडवोकेट ने कहा कि निरोग रहने के लिए योग जरूरी है। अध्यक्षता कर रहे पतंजलि योग समिति के कुशल मार्गदर्शक एवं सोनभद्र बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रमेश राम पाठक ने कहा कि बाबा रामदेव जी ने योग के जरिए निरोग रहने का गुर सीखा कर दिन प्रतिदिन योग के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ाया है।इसलिए निरोग रहने के लिए सभी लोगों को योग करना जरूरी है। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, प्रमुख योग शिक्षक, कुशल मार्गदर्शक द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रमुख योग शिक्षक सुनील कुमार श्रीवास्तव द्वारा प्रातःकालीन योगाभ्यास कराकर सभी को नियमित योग करने का संकल्प दिलाया गया। दयानन्द मौर्य द्वारा बहुत ही सुंदर योग गीत व नववर्ष पर भजन सुनाया गया। पतंजलि योग परिवार द्वारा स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर बार एसोसिएशन के सभी उपस्थित अधिवक्ता भाईयों को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में प्रमुख रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता कृपा नारायण मिश्रा, रमेश राम पाठक, विनोद कुमार शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार एवं अधिवक्ता राजेश कुमार पाठक, देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव, गोविंद नारायण सिंह, नवेंदु भुषण दुबे, मोहर देव पांडेय, प्रमुख योग शिक्षक सुनील कुमार श्रीवास्तव, भारत स्वाभिमान जिला महामंत्री सुनील कुमार चौबे, दयानंद मौर्य, एसपी मेहता, हेमंत कुमार जैन, उपस्थित सभी योग साधकों को योग संदेश देकर सम्मानित किया गया तथा नियमित योग करने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी रवि प्रकाश त्रिपाठी, कुशल संरक्षक शेष मणी तिवारी, संयोजक दिनेश श्रीवास्तव, प्रमुख योग शिक्षक गोपाल दास केसरी, चंद्र बहादुर सिंह, उमेश तिवारी, संजय कुमार, अशोक कुमार गुप्ता, रामसेवक पाण्डेय, नागेंद्र नाथ चौबे, रामबाबू, सतीश, तेज नारायण मिश्रा, आशीष शर्मा, लक्ष्मी नारायण पांडेय, राजू प्रसाद सोनी, पुरुषोत्तम प्रजापति, रूप नारायण सिंह, अनिल शर्मा, दीपू शर्मा, किशोर कुमार चौरसिया समेत समस्त पदाधिकारी व योग साधक उपस्थित रहे। अन्त में शांति पाठ के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ, सभी के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था रही।

# शक्तिनगर पुलिस द्वारा चोरी की मोटर साइकिल एवं अवैध असलहे के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी पिपरी के निर्देशन में थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर कोहरौल पानी टंकी के पास से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल, एक अदद अवैध तमंचा .315 बोर तथा एक अदद जिंदा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया। उक्त बरामदगी एवं गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना शक्तिनगर पर मु0अ0सं0झ04 /2026, धारा 317(2), 319(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2) बीएनएस एवं धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया।

## अभियुक्त से पूछताछ का विवरण–

गिरफ्तार अभियुक्त नदीम खान पुत्र मुस्तकीम, निवासी शर्मा कॉलोनी बैढ़न, थाना बैढ़न, जिला सिंगरौली (मध्यप्रदेश), उम्र लगभग 22 वर्ष ने पूछताछ में बताया कि बरामद मोटरसाइकिल को उसने दिनांक 14.12.2025 की रात्रि में रायगढ़ दानेपारा लाल टंकी के पास से चोरी किया था। अभियुक्त ने बताया कि चोरी की मोटरसाइकिल को बेचने के उद्देश्य से वह ग्राहक की तलाश में था तथा पुलिस से बचने के लिए मोटरसाइकिल (टीवीएस रेडॉन) की नम्बर प्लेट को छलपूर्वक कूटरचित फर्जी नम्बर से बदल दिया था। अभियुक्त ने यह भी स्वीकार किया कि वह इस प्रकार की चोरी की घटनाएँ पूर्व में भी करता रहा है तथा अपनी सुरक्षा के लिए अवैध असलहा रखता है, जिससे पकड़े जाने की स्थिति में लोगों को डरा-धमकाकर मौके से फरार हो सके।

# अवैध गांजा के साथ 01 अभियुक्त किया गया




अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक चोपन के कुशल नेतृत्व में अपराध, अपराधियों एवं मादक पदार्थों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना चोपन पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।इसी क्रम में थाना चोपन पुलिस द्वारा दिनांक 05.01.2026 को समय 12:50 बजे, पटवध क्षेत्र से अभियुक्त रिशू पाल पुत्र नन्दलाल पाल, निवासी ग्राम मारकुण्डी, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 26 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक सफेद झोले में 01 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना चोपन पर अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 झ 011/26 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

इंग्लिश प्रीमियर लीग

## आर्सेनल ने बोर्नेमाउथ को हराया

एजेंसी ▶▶ लंदन



डेकलान राइस के दो गोल की मदद से आर्सेनल ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बोर्नेमाउथ को 3-2 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में छह अंक की बढ़त बना ली। इंग्लैंड के मिडफील्डर राइस ने दूसरे हाफ में दो गोल दागकर आर्सेनल की जीत सुनिश्चित की। घुटने की चोट के कारण शुरुआत में राइस के खेलने पर संदेह था लेकिन उन्होंने पिछले मैच से बाहर रहने के बाद वापसी की और दोनों टीम के बीच का अंतर साबित हुए। आर्सेनल की ओर से गैब्रिएल मेगलहाइस ने भी एक गोल किया। बोर्नेमाउथ के लिए इवानिल्सन और एली जूनियर क्रोपी ने गोल दागे। इस जीत से आर्सेनल के 20 मैच में 48 अंक हो गए हैं। नॉटिंघम फॉरेस्ट को 3-1 से हराने वाली एस्टन विला की टीम 42 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है।

सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट

## अटलांटा ने रोमा को दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶ मिलान



जियान पिएरो गैस्पेरिनी के वापसी मुकाबले में रोमा को सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में अटलांटा के खिलाफ 0-1 से शिकस्त झेलनी पड़ी। मैच का एकमात्र गोल 12वें मिनट में जॉर्जियो स्केलविनी ने किया। इस जीत से अटलांटा की टीम आठवें स्थान पर पहुंच गई। रोमा की टीम इस मुकाबले को जीतकर दूसरे स्थान पर मौजूद इंटर मिलान के बराबर पहुंच सकती थी लेकिन अब उसके चौथे स्थान पर मौजूद यूवेंटस के समान अंक हैं। यूवेंटस को निचली लीग में खिसकने का खतरा झेल रहे लीस ने 1-1 से बराबरी पर रोका।

अफ्रीका कप ऑफ नेशन्स

## क्वार्टर फाइनल में सेनेगल

एजेंसी ▶▶ रबात



सादियो माने की अगुआई में सेनेगल ने गियर में सूडान को 3-1 से हराकर अफ्रीका कप ऑफ नेशन्स फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। वर्ष 2019 और 2022 के अफ्रीका के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर रहे सादियो माने ने निलंबित कप्तान कालिदोउ कोलिबाली की गैरमौजूदगी में उदाहरण पेश करते हुए टीम के अपने साथियों के लिए कई मौके बनाए। सेनेगल की ओर से पापे गुएये ने दो जबकि स्थानापन्न खिलाड़ी इब्राहिम एमाये ने एक गोल किया। सादियो माने ने पापे के एक गोल और इब्राहिम के गोल में अहम भूमिका निभाई। क्वार्टर फाइनल में सेनेगल की भिड़ंत माली से होगी, जिसने कासाब्लांका में ट्यूनीशिया को पेनल्टी शूट आउट में 3-2 से हराया।

खबर संक्षेप




### डब्ल्यूएफआई ने रोकी कुश्ती प्रतियोगिता

**नई दिल्ली।** चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में पांच जनवरी से होने वाली अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय कुश्ती चैंपियनशिप पर अनिश्चितता के बादल छा गए हैं क्योंकि मेजबान विश्वविद्यालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की ओर से सुझाए गए रेफरी पैनल से अलग पैनल चुना है, जिसके कारण राष्ट्रीय महासंघ ने तकनीकी अधिकारियों को भेजने से मना कर दिया है। भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) ने 11 दिसंबर को एक सर्कुलर जारी किया था, जिसमें साफ तौर पर कहा गया था कि संबंधित राष्ट्रीय खेल महासंघ चैंपियनशिप के तकनीकी संचालन को देखेगा। 24 दिसंबर को एआईयू को प्रतियोगिता के लिए अंतरराष्ट्रीय रेफरी का एक पैनल सौंपा। महासंघ ने 27 दिसंबर को एकआईयू को बताया कि चंडीगढ़ विश्वविद्यालय ने रेफरी पैनल के लिए सीधे उनसे संपर्क नहीं किया था।

### बंगाल की हर चुनौती के लिए तैयारः हरमनप्रीत

**चेन्नई।** पुरुष हॉकी इंडिया लीग 2026 का पहला फेज चेन्नई में खेला जाना है। सूरमा हॉकी क्लब का मुकाबला मौजूदा चैंपियन बंगाल टाइगर्स के साथ होना है।



सूरमा हॉकी क्लब के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा है कि बंगाल की हर चुनौती के लिए उनकी टीम पूरी तरह तैयार है। हम शांत हैं, स्पष्ट हैं, और चैंपियंस से मुकाबला करने के लिए तैयार हैं। हमें अपने पर किए गए काम पर भरोसा है। टीम के अधिकांश खिलाड़ी पहले भी एक साथ खेल चुके हैं, जिससे हमें शांत रहने और फोकस करने में मदद मिलती है। दबाव बनाना, अपने मौकों को गोल में बदलना, और जरूरी मौकों पर सही फैसले लेना बेहद अहम है। उन्होंने कहा, "हॉकी इंडिया लीग हमारे लिए एक बड़ा प्लेटफॉर्म है क्योंकि आने वाला साल व्यस्त है।

### मार्टिन की सेहत में बड़ा सुधार, कोमा से बाहर आए

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर डेमियन मार्टिन की सेहत को लेकर राहत भरी खबर सामने आई है। मार्टिन को कोमा से बाहर निकाल लिया गया है और वह



अब बात कर पा रहे हैं। 54 साल के डेमियन मार्टिन को बॉक्सिंग डे के दिन तब ब्रिस्बेन के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जब उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। वह अपने गोल्ड कोस्ट स्थित घर पर अस्वस्थ महसूस करने के बाद आराम करने के लिए लेटे थे। जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मेनिन्जाइटिस से पीड़ित पाया, जिसके चलते उन्हें अस्पताल में कृत्रिम कोमा में रखा गया था। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर एडम गिलक्रिस्ट ने मार्टिन की हालत में तेजी से सुधार की जानकारी दी।

**एशेज:** पांचवे टेस्ट में रूट और ब्रूक ने लगाया अर्धशतक, इंग्लैंड के 3 विकेट पर 211 रन

## ऑस्ट्रेलिया ने 138 साल के सिलसिले को तोड़ा, बिना स्पिनर के सिडनी में खेलने उतरा

एजेंसी ▶▶ सिडनी

ऑस्ट्रेलिया की टीम सिडनी में 138 साल बाद बगैर स्पिनर से उतरी। इससे पहले 1888 में ऑस्ट्रेलिया की टीम यहां बगैर स्पिनर के टेस्ट खेलने उतरी थी। वहीं रूट और हैरी ब्रूक के बीच 154 रन की अटूट साझेदारी से इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम एशेज क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन रविवार को खराब रोशनी के कारण खेल रोके जाने तक तीन विकेट पर 211 रन बनाए।

रूट (नाबाद 72) और ब्रूक (नाबाद 78) उस समय एक साथ आए जब इंग्लैंड की टीम 57 रन तक तीन विकेट गंवाकर संकट में थी। रूट और ब्रूक की यह साझेदारी मौजूदा श्रृंखला में मेहमान टीम की ओर से सर्वश्रेष्ठ साझेदारी है। खराब रोशनी और बारिश के कारण चाय के विश्राम से ठीक पहले खेल रोक दिया गया और फिर मैच दोबारा शुरू नहीं हो सका।

### रूट का 67वां अर्धशतक पूरा

रूट और ब्रूक दोनों ने उसी ओवर में अपने अर्धशतक पूरे किए, जिसमें उनकी शतकीय साझेदारी पूरी हुई। ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों को पिच से अधिक मदद नहीं मिल रही थी, जिससे इस जोड़ी की बदौलत इंग्लैंड ने नियंत्रण बनाया। रूट ने 65 गेंद में अपना 67वां जबकि ब्रूक ने 63 गेंद में 15वां अर्धशतक पूरा किया। वहीं यह 1888 के बाद पहली बार है जब ऑस्ट्रेलिया ने एससीजी में किसी विशेषज्ञ स्पिनर को मैदान में नहीं उतारा। चौथे टेस्ट के दौरान गस एटकिंसन के चोटिल होने के बाद इंग्लैंड ने तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को टीम में शामिल किया। ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला में 3-1 की बढ़त के साथ पहले ही एशेज अपने पास रखना सुनिश्चित कर चुका है।

ऑस्ट्रेलिया की श्रृंखला में 3-1 की बढ़त



### ऑस्ट्रेलिया ने आठ गेंद में लिए 2 विकेट

इंग्लैंड ने सुबह के सत्र में जल्दी-जल्दी तीन विकेट खो दिए। बेन डकेट और जैक क्रॉली ने मेहमान टीम को तेज शुरुआत दी थी। मिचेल स्टार्क ने 35 रन के स्कोर पर डकेट (27) को विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों कैच कराके श्रृंखला का अपना 27वां विकेट हासिल किया। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने आठ गेंद में दो विकेट लिए। माइकल नेसर ने क्रॉली (16) को पगबाधा किया जबकि स्कॉट बोलैंड ने जैकब बेथेल (10) को विकेटकीपर के हाथों कैच कराया।ऑस्ट्रेलिया ने एकादश में एक बदलाव करते हुए ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर को झाय रिचर्डसन की जगह इस श्रृंखला में पहली बार खेलने का मौका दिया। वेबस्टर की वापसी से स्पिनर टॉड मर्फी के लिए कोई जगह नहीं थी।

### डकेट को 8 बार आउट कर चुके हैं मिचेल स्टार्क

दरअसल मिचेल स्टार्क धीरे-धीरे बेन डकेट के लिए बुरा सपना बनते जा रहे हैं। डकेट टेस्ट में उनके खिलाफ अब तक आठ बार आउट हो चुके हैं। इस सीरीज में वह स्टार्क के खिलाफ पांच बार आउट हो चुके हैं। इस गेंदबाज के खिलाफ उन्होंने अब तक 183 गेंदों में 173 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 94.53 और औसत 21.62 का रहा है। इस गेंदबाज के खिलाफ डकेट ने रन जरूर बनाए हैं लेकिन वह आउट भी काफी बार हुए हैं। डकेट ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट में अपने 3000 रन पूरे किए थे। वह टेस्ट में सबसे कम गेंदों में 3000 रन पूरे करने वाले दूसरे सबसे तेज बल्लेबाज बने थे।

### *तेंदुलकर का महा-रिकॉर्ड तोड़ने के करीब रूट*

*सचिन तेंदुलकर ने 51 शतकों के अलावा 68 अर्धशतक लगाए। दूसरी ओर रूट के नाम अब 163 टेस्ट मैचों में 67 अर्धशतक और 40 शतक हैं। रूट ने ऑस्ट्रेलिया के खलिाफ सिडनी टेस्ट की पहली पारी में फिफ्टी लगाकर वेस्टइंडीज के पूर्व बाएं हाथ के बल्लेबाज शिवनारायण चंद्रपॉल के 164 टेस्ट मैचों में बनाए गए 66 अर्धशतकों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट ने सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज के पांचवें टेस्ट की पहली पारी में अर्धशतक जड़ा। इस अर्धशतक के साथ वह मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर के टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा अर्धशतक के रिकॉर्ड के करीब पहुंच गए। रूट का यह टेस्ट क्रिकेट में 67वां अर्धशतक था।*

बीबीएल

## रेनेगेड्स ने स्टार्स को 4 विकेट से हराया, ब्राउन की खेली तूफानी पारी



एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

मेलबर्न रेनेगेड्स ने बिग बैश लीग (बीबीएल) के 22वें मुकाबले में मेलबर्न स्टार्स के खिलाफ 4 विकेट से जीत दर्ज की। सीजन में अपनी दूसरी जीत के साथ मेलबर्न रेनेगेड्स ने 4 अंक हासिल कर लिए हैं। 6 में से 2 मैच गंवाकर मेलबर्न स्टार्स 8 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर बनी हुई है।

मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए इस मैच में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी मेलबर्न स्टार्स ने 9 विकेट खोकर 173 रन बनाए। इस टीम को सैम हार्पर और थॉमस रॉजर्स की जोड़ी ने संभली हुई शुरुआत दिलाई।दोनों बल्लेबाजों ने 2.4 ओवरों में 30 रन की साझेदारी की। थॉमस 15 रन बनाकर आउट हुए, जबकि हार्पर ने 10 गेंदों में 20 रन टीम के खाते में जोड़े।

### गुरिंदर संधु ने हासिल किए सर्वाधिक 4 विकेट

इनके अलावा, कैंपबेल केलवे ने 33 रन, जबकि टॉम करेन ने 38 रन की पारी खेली। विपक्षी टीम से गुरिंदर संधु ने सर्वाधिक 4 विकेट हासिल किए, जबकि कैलम स्टो ने 2 विकेट निकाले। इसके जवाब में मेलबर्न रेनेगेड्स ने 19.5 ओवरों में जीत दर्ज की। इस टीम ने 24 के स्कोर पर टिम सीफर्ट (6) का विकेट गंवा दिया था। यहां से जोश ब्राउन ने मोहम्मद रिजवान के साथ दूसरे विकेट के लिए 103 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 127 के स्कोर तक पहुंचाया।

### ब्राउन ने 48 गेंदों पर बनाए 84 रन

ब्राउन 48 गेंदों में 4 छक्कों और 9 चौकों के साथ 84 रन बनाकर आउट हुए, जबकि मोहम्मद रिजवान ने 38 गेंदों में 4 चौकों के साथ 41 रन की पारी खेली। इनके अलावा, कप्तान विल सदरलैंड ने 19 रन टीम के खाते में जोड़े। विपक्षी खेमे से हारिस रऊफ और पीटर सिडल ने 2-2 विकेट हासिल किया, जबकि मिचेल स्वैपसन ने 1 विकेट निकाला। रेनेगेड्स अपना अगला मैच 7 जनवरी को पर्थ स्कॉर्चर्स के खिलाफ खेलेगी, जबकि स्टार्स 8 जनवरी को सिडनी सिक्सर्स के खिलाफ मुकाबले में उतरेगी।

टी-20 विश्व कप

## बांग्लादेश ने किया टीम का ऐलान, लिटन को सौंपी कप्तानी, तास्किन अहमद की वापसी

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने अगले महीने होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए लिटन दास की अगुआई वाली 15 सदस्यीय टीम का ऐलान किया और यह घोषणा देश के खेल मंत्रालय की ओर से टीम के लीग मुकाबलों को भारत से श्रीलंका में स्थानांतरित करने की मांग करने के निर्देश के कुछ ही घंटों बाद की गई।

बांग्लादेश के चार लीग मैच में से तीन वेस्टइंडीज (सात फरवरी), इटली (नौ फरवरी), इंग्लैंड (14 फरवरी) के खिलाफ कोलकाता में हैं जबकि उनका आखिरी मैच नेपाल (17 फरवरी) के खिलाफ मुंबई में होगा। टी20 विश्व कप सात फरवरी से आठ मार्च तक भारत और श्रीलंका की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा।



### बांग्लादेश टीम

लिटन दास (कप्तान), मोहम्मद सैफ हसन (उप कप्तान), तंजीद हसन, मोहम्मद परवेज हुसैन इमोन, तौहीद हृदोय, शमीम हुसैन, काजी नुरुल हसन सोहन, शक महेदी हसन, रिशद हुसैन, नसुम अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, तंजीम हसन साकिब, तास्किन अहमद, मोहम्मद शैफुद्दीन, शोरफुल इस्लाम।

### 7 फरवरी से शुरू होगी स्पर्धा

दास कप्तान बरकरार हैं जबकि तेज गेंदबाज तास्किन अहमद हाल में आयरलैंड श्रृंखला से बाहर रहने के बाद टीम में वापस आए हैं। अहमद तेज गेंदबाजी विभाग में रहमान के साथ टीम बनाएंगे, जिन्हें उम्मीद के मुताबिक टीम में शामिल किया गया है। बीसीबी ने 'एक्स' पर कहा, 'बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के लिए राष्ट्रीय टीम की घोषणा की है, जो 7 फरवरी से आठ मार्च तक भारत और श्रीलंका में आयोजित किया जाएगा।

## महिला एचआईएल ...



रांची। ऑगस्टिना गोरजेलानी (37वें मिनट) के गोल की मदद से श्राची बंगाल टाइगर्स ने रविवार को महिला हॉकी इंडिया लीग में रांची रॉयल्स पर 1-0 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ, बंगाल टाइगर्स अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। रांची रॉयल्स लगातार दो जीत के बाद इस मुकाबले में आत्मविश्वास से भरी हुई थी लेकिन ऑगस्टिना ने पेनल्टी कॉर्नर पर टूर्नामेंट में चौथा गोल करके अपनी टीम को 1-0 बढ़त दिलाई जो निर्णायक रही।

पहला मुकाबला आखिरकार शाम 6:30 बजे शुरू हुआ

## राष्ट्रीय मुक्केबाजी के पहले दिन ही विलंब से मची अफरा-तफरी

- दिन के 80 मुकाबले (38 महिला और 42 पुरुष) दोपहर दो बजे शुरू होने थे, पर नहीं हो पाए
- आयोजकों ने महिलाओं के मुकाबले का समय बदला

एजेंसी ▶▶ ग्रेटर नोएडा



*शाम चार बजे तक केवल एक ही रिंग तैयार हो पाया*

सीनियर मुक्केबाजी राष्ट्रीय चैंपियनशिप के पहले दिन रविवार को तैयारियों में देरी और अव्यवस्था के कारण अफरा-तफरी मच गयी जिससे मुक्केबाजों को घंटों तक इंतजार करना पड़ा। लॉजिस्टिक्स (प्रतियोगिता के लिए जरूरी साजो-सामान) संबंधी दिक्कतों के कारण चैंपियनशिप चार घंटे के विलंब से शुरू हुई। लंबे समय तक हुई देरी के कारण आयोजकों को महिलाओं के 32 मुकाबलों को मंगलवार सुबह के लिए पुनर्निर्धारित करना पड़ा। पुरुष और महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप का पहली बार एक साथ आयोजन गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में दोपहर दो बजे शुरू होना था। यह ऐतिहासिक क्षण हालांकि अफरा-तफरी और लंबे इंतजार में बदल गया जिसने पूरे दिन के कार्यक्रम को प्रभावित किया। प्रतियोगिता के रिंग आम तौर पर एक दिन पहले ही तैयार हो जाते है। मुकाबले दोपहर दो बजे शुरू होने थे लेकिन तब तब ऐसा नहीं हो सका था। तीन रिंग तैयार होने थे, लेकिन शाम चार बजे तक केवल एक ही रिंग तैयार हो पाया और तकनीकी खराबी के कारण उसे भी दोबारा लगाना पड़ा। इस काम को जल्दी पूरा करने के लिए अधिकारियों को स्वयं रिंग का निर्माण करते हुए देखा गया। दिन के 80 मुकाबलों (38 महिला और 42 पुरुष) में से पहला मुकाबला आखिरकार शाम 6:30 बजे पुरुषों के मुकाबले के साथ शुरू हुआ। जबकि महिला मुक्केबाजों को और भी लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा क्योंकि रात आठ बजे तक भी उनके मुकाबलों के शुरू होने की कोई जानकारी नहीं मिली थी। आखिर में महिलाओं के सिर्फ छह मुकाबले हुए। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के महासचिव प्रमोद कुमार ने पीटीआई को बताया, ''देरी कुछ लॉजिस्टिक्स समस्याओं के कारण हुई।'' बीएफआई ने लॉजिस्टिक्स परेशानियों को देरी का कारण बताया तो वहीं मामले से जुड़े सूत्रों ने कहा कि यह भुगतान संबंधी समस्याओं के कारण हुई थी। सूत्र ने कहा, ''विक्रेता को भुगतान नहीं किया गया था। भुगतान मिलने के बाद ही काम शुरू हुआ।

## डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडरः सिंड्रेला और दिव्यांशी ने की जीत से शुरुआत

एजेंसी ▶▶ वडोदरा



गत चैंपियन सिंड्रेला दास, शीर्ष वरीयता प्राप्त दिव्यांशी भौमिक और जापान की मिकू मात्सुशिमा ने 'डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर' 2026 में लड़कियों के अंडर-19 एकल वर्ग में अपने-अपने अभियान की जीत से शुरुआत की।

शनिवार को अंडर-17 का खिताब जीतने वाली सिंड्रेला ने ग्रुप तीन में अर्चिस्मिता महतो को 11-7, 11-7, 11-8 से हराया, जबकि दिव्यांशी ने ग्रुप एक में श्रेष्ठा कोंथम को 11-4, 11-3, 11-7 से मात दी। मिकू ने ग्रुप दो में गुंजन कुमार पर 11-3, 11-6, 11-4 से जीत के साथ शुरुआत की। लड़कों के अंडर-19 वर्ग में भी शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों ने अपने-अपने ग्रुप में दो-दो जीत दर्ज करके नॉकआउट चरण में अपनी जगह पक्की कर ली। अंडर-15 वर्ग के भी शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी भी अपने-अपने ग्रुप में आसान जीत के साथ नॉकआउट चरण में पहुंच गए।डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर के दूसरे सत्र में अंडर-11 से अंडर-19 आयु वर्ग में कुल 226 खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

# ट्रैक्टर चोरी के 5 अभियुक्त हुए गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। प्रशासन ने ट्रैक्टर चोरी की दो बड़ी घटनाओं का खुलासा करते शातिर चोर गैंग पर शिकंजा कस दिया है। पुलिस ने ट्रैक्टर चोरी करने वाले गिरोह के 5 शातिर सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जबकि इस गैंग में शामिल दो आरोपी अभी भी फरार बताए जा रहे हैं, जिनकी तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस जांच में सामने आया है कि यह गैंग खागा और थरियांव थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर चोरी की कई वारदातों को अंजाम दे चुका था। आरोपी बिना नंबर की कार से गांव-गांव घूमकर पहले रेकी करते थे और फिर मौका मिलते ही ट्रैक्टर चोरी कर फरार हो जाते थे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए थरियांव थाना क्षेत्र के हसवा के पास से इन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 2 ट्रैक्टर, 1 ट्रॉली और 5 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। फिलहाल पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है और पूरे गिरोह से जुड़े अन्य मामलों की भी जांच की जा रही है। फतेहपुर पुलिस की इस कार्रवाई को ट्रैक्टर चोरी की घटनाओं पर बड़ी सफलता माना जा रहा है।

# परसदवा डेरा वासी आजादी के बाद भी सड़क पानी बिजली से अभी भी तरस रहे हैं

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। जनपद की सीमा के आखिरी छोर के नदी के बीहड़ों में बसा खंड विकास क्षेत्र मौदहा के ग्राम गहरौली के मजरा परसदवा डेरा वासी आजादी के पचास साल बीत जाने के बावजूद भी सड़क, बिजली व पानी जैसी मूलभूत समस्याओं के बीच गुजर बसर करने को मजबूर हैं। बरसात में इस डेरावासियों का संपर्क आसपास के गांवों व मुख्यालय से संपर्क कट जाता है विशेष परिस्थितियों में लोगों को आवागमन के लिए ट्रैक्टर व बैलगाड़ी का सहारा लेने के अलावा पैदल चलना मजबूरी बना हुआ है हालांकि वर्तमान में यहां की समस्या कच्ची सड़क है जो ग्राम छानी व भुलसी के बीच है।यहां के ग्रामीण सड़क निर्माण के लिए अपने



जनप्रतिनिधियों के अलावा उच्च अधिकारियों से भी कई बार गुहार लगा इस समस्या से निजात दिलाने की मांग कर चुके हैं लेकिन उनकी यह समस्या आज भी जस की तस बनी हुई है। बरसात में एक प्रसूता को बैलगाड़ी में ले जाने के अलावा एक महिला द्वारा अपनी विकलांग बालिका का इलाज कराने सिसोलर पैदल ले जाते वीडियो वायरल हुआ था जिसे अन्य समाचार पत्रों के अलावा परसदवा वासियों की इस मुख्य समस्या को लगातार प्रकाशित कर शासन प्रशासन को जगाने का प्रयास किया था। यह मामला प्रकाश में आते ही कुछ अधिकारियों ने बरसात बाद सड़क निर्माण करवाने का आश्वासन दिया था हाल में ही एक सप्ताह पूर्व परसदवा डेरा के दर्जनों ग्रामीणों ने जिला अधिकारी की चौखट पर पहुंच पुनः भुलसी छानी मार्ग पर सड़क निर्माण करवाने की मांग की थी और समय रहते सड़क निर्माण का कार्य शुरू न होने पर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी भी दी थी। प्रशासन द्वारा सड़क निर्माण को लेकर कोई प्रतिक्रिया न होने पर पसदवा डेरा के ग्रामीणों ने केशना निषाद के नेतृत्व में सोमवार से छानी भुलसी खस्ता हाल मार्ग के किनारे बैनर लगाकर क्रमिक अनशन शुरू कर दिया है। इस क्रमिक अनशन में महिलाएं भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। सोमवार को इस क्रमिक अनशन में राम प्रकाश, चुन्नू यादव, गयादीन धीरज, बद पाल, दनकू, बच्चू, अशर्फी, दिवाकर, संपत, मुन्नी, रेखा, रामदुलारी, राजेंद्र निषाद, अरुण निषाद, शिव गुलाम, छोटेलाल, माता दीन व समलिया सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक छानी भुलसी मार्ग का निर्माण शुरू नहीं होता तब तक उनका यह क्रमिक अनशन व धरना प्रदर्शन अनवरत जारी रहेगा। ग्रामीणों में शासन प्रशासन के प्रति अच्छा खासा आक्रोश व्याप्त है।

# घटिया सामग्री समेत पीला ईंटो से किया गया आरआरसी0 सेंटर निर्माण

**संचालन होने से पहले ही, ध्वस्त होने की कगार पर**

**ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कार्रवाई और मानक सामग्री से पुनर्निर्माण की मांग की है।**

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद हरदोई वि खं टोडरपुर क्षेत्र के गांव उमरौली में आर आर सी0 सेंटर में कराए गए निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। आरोप है कि निर्माण में पीली ईंटों समेत घटिया सामग्री का उपयोग किया गया, जिससे भवन की मजबूती और मानकों पर संदेह पैदा हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नियमों को दरकिनार कर कार्य कराया गया और गुणवत्ता की कोई जांच नहीं हुई। यह मामला विकास खंड टोंडरपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत उमरौली का है जहां आर आर सी0 सेंटर निर्माण के नाम पर जिम्मेदारों ने खाओ- कमाई में कोई कसर नहीं छोड़ी, संचालन होने से पहले ही यह आरआरसी0 सेंटर ध्वस्त होता नजर आ रहा है क ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकताओं का आरोप है कि जिम्मेदारो ने उच्च अधिकारियों से साठगांठ कर सरकारी धन पर ह्लडांकाह्व डाला है। मानक सामग्री की जगह सस्ती और कमजोर सामग्री लगाकर बजट की बंदरबांट की गई। निर्माण स्थल पर न तो इंजीनियरिंग मानकों का पालन दिखा और न ही कार्य की पारदर्शी निगरानी। स्थानीय लोगों ने बताया कि बार-बार शिकायत के बावजूद जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया। यदि समय रहते जांच नहीं हुई तो भविष्य में यह भवन हादसे का कारण बन सकता है। मामले में ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कार्रवाई और मानक सामग्री से पुनर्निर्माण की मांग की है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर आरोप पर क्या कदम उठाता है और सरकारी धन के दुरुपयोग की सच्चाई कब सामने आती है।

# पूर्व जिला पंचायत सदस्य अशोक त्रिपाठी की मनाई गई पुण्यतिथि

अमन लेखनी समाचार

मल्लावां (हरदोई) पूर्व जिला पंचायत सदस्य अशोक त्रिपाठी की द्वितीय पुण्यतिथि पर उनके परिवार ने कार्यक्रम का आयोजन रखा जिसमें कई जनप्रतिनिधि सहित समर्थकों ने पहुंचकर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। कस्बे के बंदीपुर निवासी अशोक त्रिपाठी ने एक ब्राम्हण नेता के रूप में अपनी अलग ही पहचान बनाई थी जो कई बार जिला पंचायत सदस्य रहे। विगत दो वर्ष पूर्व उनका निधन हो गया था। सोमवार को उनके आवास पर छोटे भाई विजय त्रिपाठी व उनके पुत्र सपा नेता सोनू त्रिपाठी, अभय त्रिपाठी, मुकेश त्रिपाठी मनीष त्रिपाठी द्वारा पुण्यतिथि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एमएलसी अवनीश सिंह, डिप्टी सीएम के बड़े भाई भाजपा नेता राजेश पाठक, माधौगंज चेयरमैन अनुराग मिश्र, कांग्रेसी नेता सुभाष पाल, भाजपा नेता अभय शंकर शुक्ल, समाजसेवी विशाल जायसवाल, श्यामू द्विवेदी, समाज सेवी हरि ओम दीक्षित, अनुज मिश्रा, राकेश दीक्षित, राम सरन द्विवेदी, मनोज अग्निहोत्री, रामदास वर्मा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा नेता ने सन्तों को कम्बल बांट कर मनाई कल्याण सिंह की जयन्ती

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कल्याण सिंह की 94वीं जयंती पर भाजपा नेता अमित कुमार सोनू ने सोमवार को सन्तों को कम्बल बांटकर राम मंदिर आन्दोलन के मुख्य नायक को श्रद्धांजलि दी।

इन दिनों पड़ रही कड़ाके की ठण्ड में भाजपा नेता अमित कुमार सोनू ने थाना क्षेत्र के बांकी स्थित भूमानंद आश्रम, देवगांव स्थित कामाख्या मन्दिर एवं सिमनौड़ी स्थित मानेश्वर बाबा आश्रम जाकर वहां रह रहे सन्तों को गर्म कंबल बांटकर उनका आशीर्वाद लिया। कहा कि पूज्य संतों की भावनाओं का सम्मान करते हुए राम भक्ति में श्रद्धेय कल्याण सिंह बाबू जी ने मुख्यमंत्री पद का त्याग कर दिया था। ऐसे में समाज में सनातन की अलख जगा रहे सन्तों के बीच उनकी जयन्ती मनाना सच्ची श्रद्धांजलि है।इस मौके पर रावेन्द्र शिवहरे, राजा सिंह, लक्ष्य गुप्ता, विजय पाठक, कबीर कुमार, मिरय कुमार आदि उपस्थित रहे।

## हमीरपुर में एंटी करप्शन विभाग द्वारा जनजागरूकता अभियान

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। थाना एंटी करप्शन बांदा मंडल बांदा की हमीरपुर चौकी में नियुक्त आरक्षी अभिषेक सिंह ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध जनजागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान तहसील सदर, थाना कोतवाली नगर क्षेत्र, नगर पालिका कार्यालय तथा विकास भवन कार्यालय कुछेछा क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। आरक्षी अभिषेक सिंह ने आम नागरिकों से सीधे संवाद कर उन्हें एंटी करप्शन विभाग की कार्यप्रणाली की जानकारी दी और भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्भीक होकर सामने आने के लिए प्रेरित किया उन्होंने लोगों को बताया कि यदि कोई सरकारी कर्मचारी या अधिकारी किसी भी कार्य के बदले रिश्वत की मांग करता है, तो इसकी सूचना तत्काल एंटी करप्शन विभाग को दी जाए। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शिकायत के लिए विभाग द्वारा मोबाइल नंबर 9454402489 एवं 9454402484 जारी किए गए हैं।

# होटल संचालक ने वकीलों पर किया हमला, वकीलों ने किया प्रदर्शन

**हमले में 3 वकील हुए घायल, रंजना होटल मलिक समेत आधा दर्जन लोगों पर दर्ज हुई रिपोर्ट**

**-शहर के रंजना होटल पर खाना लेने गए थे तीन वकील वहीं हुआ विवाद**

**-खाना पैक होने में समय देख मसाला खरीदने गए वकील जहां से हुई झगड़े की शुरूआत**

**-वकीलों ने किया प्रदर्शन हड़ताल कर सांकेतिक विरोध जताया**

**-पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर मामले में शुरू की कार्यवाई।**

अमन लेखनी समाचार

हमले, शहर इलाके में एक होटल में वकीलों के साथ मारपीट हुई है जिसमे 3 वकील घायल हो गए।हमलें के बाद आज वकीलों ने सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया और कार्यबहिष्कार किया।प्रदर्शन के दौरान मौके पर पहुंचे सीओ सिटी ने समझा बुझाकर शांत कराया।इस मामले में वकील रोहित सिंह ने रंजना होटल के मालिक के कर्मचारी समेत 6 लोगों के खिलाफ मारपीट करने में रिपोर्ट दर्ज कराई है और प्रदर्शन कर आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। कोतवाली देहात क्षेत्र के नयागांव मुबारकपुर निवासी अधिवक्ता रोहित सिंह ने कोतवाली शहर में तहरीर दी है। इसमें बताया कि रविवार की शाम करीब 6:45 बजे वह अपने साथी दीपक त्रिपाठी दीपक पाल के साथ खाना लेने रंजना होटल गया था। खाना पैक होने में समय होने के कारण प्रतीक्षा कर रहा था। उसी समय बाहर पान मसाला की दुकान के पास खड़े हो गए।इसी बीच खाना व पान मसाला को लेकर पान मसाला वाला व रंजना होटल मालिक व उनके चार से पांच कर्मचारियों ने गालियां देना शुरू कर दिया। जिसका विरोध करने पर रंजना होटल मालिक व उनके अज्ञात कर्मचारी व पान मसाला वाले एक राय होकर उस पर व उसके साथियों पर जान से मार डालने की नीयत से तंदूर की सरिया व अन्य धारदार हथियारों से मरने लगे।जिससे घायल अधिवक्ता दीपक बेहोश हो गया।उसके बाद उसे वह साथी दीपक त्रिपाठी व अन्य लोगों के ललकारा जिससे हमला करने वाले आरोपित मौके से भाग गए। दीपक पाल की हालत अधिक खराब होने के कारण हरदोई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। सोमवार को घटना की जानकारी अन्य अधिवक्ताओं को हुई जिसके बाद तमाम अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया और आरोपितों की जल्द ही गिरफ्तारी की मांग की।अधिवक्ता आज कार्यबहिष्कार पर गए और प्रदर्शन किया।मामले की सूचना पर मौके पर पहुंचे सीओ सिटी अंकित मिश्रा ने वकीलों से बात कर समझाया।अपर पुलिस अधीक्षक मार्तंड प्रकाश सिंह ने बताया कि अधिवक्ताओं से बात कर ली गई है एक आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है अधिवक्ता पुलिस कार्यवाही से संतुष्ट भी हैं अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# कुलखेड़ा गांव में चोरी का सिलसिला जारी, प्रशासन सुस्त



**2 महीने पहले हुई चोरी का नहीं हुआ खुलासा फिर घटी घटना**

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुरे जनपद के तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक के अच्छे क्रियाकलापों के बाद भी प्रशासन की आंखों में धूल झोंक कर निरंतर चोरी की घटनाएं हो रही है जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुलखेड़ा गांव निवासी सुरेश त्रिपाठी ने नजदीकी थाना चांदपुर में लिखित तहरीर देते हुए बताया कि विगत दिवस रविवार प्रातः सोमवार को गांव के पंचायत भवन में खड़ी कूड़ा गाड़ी ई रिक्शा से चोरों ने गाड़ी के सभी चार बैटरी पंचायत भवन में लगे सबमर्सिबल का स्टाटर तथा लगभग 40 मी मोती केबल को पार कर दिया चोरी गए सामान की लागत लगभग 60000 रुपए की चोरों ने सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गांव में इससे पूर्व भी 3 नवंबर 2025 को ग्रामीण ललित दीक्षित के दरवाजे पर खड़े ई रिक्शा से बैटरी खोल कर लगभग 50000 रुपए की चपत लगाई थी जिसका खुलासा प्रशासन आज तक नहीं कर पाया प्रार्थी के लिखित प्रार्थना पत्र को स्वीकृत करते हुए थाना चांदपुर प्रशासन ने पुनः नए मामले की जांच खोजबीन प्रारंभ की

# संपूर्ण समाधान दिवस में दो दर्जन शिकायतो में दो का निस्तारण

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। कस्बे के तहसील सभागार भवन में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिला अधिकारी की मौजूदगी में आए दो दर्जन से अधिक फरियादी मामलों में मात्र दो ही मामले का निस्तारण मौके पर हो सका।इस मौके पर उप जिलाअधिकारी, तहसीलदार व क्षेत्राधिकारी समेत आला अधिकारी मौजूद रहे। नगर के तहसील परिसर के स्थित सभागार भवन में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता अपर जिला अधिकारी विजय शंकर तिवारी ने की। इस मौके पर 25 फरियादियों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रख उनके निदान की गुहार लगाई हालांकि मौके पर केवल दो ही फरियादी के मामले का निस्तारण हो सका, सबसे अधिक मामले राजस्व, पुलिस, पानी व विद्युत से संबंधित रहे। संपूर्ण समाधान संपन्न हुआ। विवांर निवासी रघुराज विश्वकर्मा ने शिकायती पत्र सौंपते हुए बताया कि पशु अस्पताल की जमीन राजस्व अभिलेखों में दर्ज है जिसमें प्रधान प्रतिनिधि भरत कुमार व विवांर थाने की आवासीय बिल्डिंग का अवैध निर्माण किया गया अवैध निर्माण को ध्वस्त कराए जाने की शिकायत दर्ज कराई है।अपरजिला अधिकारी ने समाधान दिवस में मौजूद सभी अधिकारियों को आगाह किया कि समाधान दिवस में आने वाले मामलों का निस्तारण अधिकारी स्वयं फील्ड में जाकर समय रहते पूरी ईमानदारी व सक्रियता के साथ काम करें। इस मौके पर उप जिलाधिकारी करन वीर सिंह, तहसीलदार शेखर मिश्रा व पुलिस क्षेत्राधिकारी राजकुमार पाण्डेय समेत जिले के आला अधिकारी मौजूद रहे। अवगत हो कि सरकार ने समाधान दिवस का आयोजन इस मंशा से शुरू कराया था ताकि क्षेत्र के फरियादियों की समस्याएं एक मंच पर आने के बाद अधिकारियों की मौजूदगी में उनका त्वरित निस्तारण किया जा सके लेकिन सरकार के नुमाइंदों की लापरवाही के चलते समाधान दिवस में आने वाली समस्याओं का समय रहते निस्तारण न होने से फरियादियों का धीरे-धीरे समाधान दिवस से भरोसा उठता जा रहा है।

# सफेदा ज्वार का रकबा घटा मांग बढ़ी पांच हजार से छह हजार रुपए प्रति कुंतल है भाव

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। बुंदेलखंड की सफेदा ज्वार का रकबा घटने से इसकी मांग बढ़ने से कीमतों में गजब को उछाल आया है मौजूदा समय में यह सफेदा ज्वार पांच हजार प्रति कुंतल से लेकर छह हजार रुपए तक बिक रही है। कालांतर में सफेदा ज्वार बुंदेलखंड में खरीफ की प्रमुख फसलों में शुमार थी लेकिन अब ऐसा नहीं है। किसानों का मुंह इससे भंग हुआ है और इसकी जगह पर धान एवं तिल की फसलों को किसान तवज्जो दे रहे हैं। यही कारण है कि जनपद में इसका रकबा बेहद कम रह गया है ?। सरीला ब्लॉक के कुछ हिस्से में इस उत्पादन का आज भी बरकरार है। बाकी सुमेरपुर, कुरारा, मौदहा, मुस्कुरा, राठ, गोहाण्ड में इसका क्षेत्रफल बहुत कम हो गया है प्रतिवर्ष रकबा घटने से इसकी मांग में इजाफा हो रहा है। इस वर्ष सफेदा ज्वार का अधिकतम खुदरा मूल्य पांच हजार से लेकर छह हजार रुपए प्रति कुंतल है रकबा घटने से इस वर्ष सफेदा ज्वार मंडी में दिसंबर के बजाय जनवरी में आना शुरू हुई है वह भी गैर जनपदों से यहां लाकर बेची जाती है। कस्बे की गल्ला मंडी एशिया में सफेदा ज्वार की सबसे पुरानी मंडी है यहां की सफेदा ज्वार देश के सभी प्रांतों में जाती है। इसके अलावा कई मुस्लिम देशों में इसको भेजा जाता है। गल्ला मंडी के व्यापारी कुंज बिहारी पांडे, विपिन कुमार, अभिषेक शिवहरे, रमाकांत गुप्ता, राघवेंद्र पांडे, उदित नारायण तिवारी, संतोष गुप्ता, राजू गुप्ता आदि ने बताया कि जिले में सफेदा ज्वार का उत्पादन नगण्य हो गया है। इस वर्ष सफेदा ज्वार बांदा, चित्रकूट, छतरपुर, कबरई, महोबा से यहां लाकर बेची जा रही है। व्यापारियों ने बताया कि मौजूदा समय में जसपुरा, पैलानी, बबेरू, अतर्रा, करतल, बदौसा, फतेहगंज, कर्वी, मानिकपुर, मऊ, लौंडी, गौरिहार, श्रीनगर आदि जगहों में सफेदि ज्वार मंडी में आना शुरू हुई है मंडी के व्यापारियों ने बताया कि सफेदा ज्वार की सर्वाधिक मांग दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अलावा आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान से होती है। इसके अलावा सऊदी अरब, अफगानिस्तान, कुवैत, यमन, दुबई, ओमान, ईरान, ईराक, केन्या, तंजानिया आदि देशों में भी जाती है। व्यापारियों के अनुसार सफेदा ज्वार का ज्यादातर प्रयोग पशुचारे के रूप में किया जाता है। कस्बे की गल्ला मंडी में सफेदा ज्वार की खरीद फरोख्त के लिए पूरे देश में अंग्रेजी शासन के समय से मशहूर है। अंग्रेजों के जमाने से यहां से ज्वार और सनई मालगाड़ी के माध्यम से बाहर ले जाया जाता था।

# अवैध शराब पर प्रशासन ने की छापेमारी

**बकेवर पुलिस व आबकारी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध चलाया गया अभियान**



अमन लेखनी समाचार

बकेवर, फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब निर्माण एवं निष्कर्षण व परिवहन के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज क्षेत्राधिकारी बिंदकी के पर्यवेक्षण में थाना बकेवर पुलिस व आबकारी टीम द्वारा ग्राम कंजरनडेरा मजरे बेंता में दबिश दी गई।छापेमारी के दौरान अभियुक्तगण अच्छेलाल पुत्र करिया, जयराम उर्फ जुल्फा पुत्र छेदू उर्फ छिदुवा, भोला पुत्र हीरालाल, रामकुमार पुत्र गिल्लू, विश्वमोहिनी पत्नी वीरेन्द्र, रोहित पुत्र इन्दल, विटोला पत्नी सोहनलाल, कनी पत्नी रमेश समस्त निवासीगण कंजरन डेरा बेंता मौके से फरार हो गये। जिनके घरों से 12 अवैध भट्ठियाँ, शराब बनाने के उपकरण व 150 लीटर अपमिश्रित अवैध कच्ची शराब बरामद किया गया। भारी मात्रा में बरामद लहन को मौके पर ही नष्ट कराया गया। फरार अभियुक्तों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत थाना बकेवर में मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की गई। बरामदगी करने वाली थाना बकेवर पुलिस टीम में थानाध्यक्ष सुमित देव पाण्डेय, उपनिरीक्षक विष्णु दयाल पाण्डेय, उपनिरीक्षक रजनीश पाण्डेय, उपनिरीक्षक महेन्द्र प्रसाद, उपनिरीक्षक रामजन्म पाण्डेय, उपनिरीक्षक कप्तान सिंह उपनिरीक्षक रमेश कुमार राय, उपनिरीक्षक सुनील कुमार उपनिरीक्षक गामा सिंह, उप निरीक्षक गंगाराम रत्ना, कांस्टेबल शुभम पाण्डेय, कांस्टेबल धीरज यादव, कांस्टेबल उपेन्द्र कुमार, कांस्टेबल शशि शेखर राय, कांस्टेबल महेन्द्र पाल सिह, कांस्टेबल दिनेश कुमार, कांस्टेबल दीपेन्द्र कुमार, कांस्टेबल संदीप चौधरी, महिला कांस्टेबल मिन्की, महिला कांस्टेबल डाली, आबकारी निरीक्षक मनोज कुमार, प्रधान आबकारी संजय प्रकाश, आबकारी सिपाही समरजीत यादव, आबकारी सिपाही साहित्य प्रकाश चौधरी शामिल रहे।

# शांति फाउंडेशन एवं ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन एवं वरिष्ठ पत्रकार देवेंद्र सिंह बबलू द्वारा अपनी पूज्य माताश्री की पुण्य स्मृति में स्थापित शांति फाउंडेशन, हरदोई के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम खेतुई में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन फाउंडेशन के संचालक एडवोकेट आदित्य सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान शीतलहर से बचाव के उद्देश्य से निराश्रित एवं वृद्ध महिलाओं को गर्म कंबल वितरित किए गए। आयोजकों ने बताया कि कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों तक सहायता पहुँचाना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। कंबल प्राप्त कर लाभार्थियों के चेहरों पर संतोष और राहत स्पष्ट दिखाई दी। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार एवं ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के लखनऊ मंडल अध्यक्ष अखिलेश सिंह, प्रवीण सिंह राजन तथा जिला मीडिया प्रभारी नवल किशोर विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही पूर्व प्रधान काशीपुर पवन सिंह, पूर्व प्रधान बेहटा सधई के अमित सिंह, पूर्व प्रधान गदाईपुर अवधेश सिंह, पूर्व प्रधान बरखेरा बबलू सिंह, अमन सिंह पालपुर, सुमित सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के जनकल्याणकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने का संकल्प लिया।

## सुने पड़े घर से चोरों ने लाखो का सामान किया पार

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। असोहा थाना क्षेत्र के जोरावर गंज निवासिनी पूनम ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया की 31 दिसम्बर की रात अज्ञात चोरों ने मेरे सुने घर मे धावा मारते हुए मेरा तथा मेरी देवरानी का पायल, झुमका, मंगलसूत्र, अंगूठी, हाँथ फूल, कमर पेटी, मांग बेदी सहित लाखो के बर्तन चोरों ने पार कर दिए। पूनम ने बताया कि हम सभी लोग मुम्बई में रहते है जब पड़ोसियों ने बताया तो हम लोग आए घर खोल के देखा तो सामान गायब मिला थाना प्रभारी फूल सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र के आधार पर अभियोग पंजिकृत करते हुए मामले की जांच की जा रही है

# अखिल भारतीय किन्नर समाज द्वारा आयोजित हुआ विशाल जागरण

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर। बिंदकी कस्बे के मोहल्ला पुरानी बिंदकी स्थित मां ज्वाला देवी मंदिर परिसर में अखिल भारतीय किन्नर समाज द्वारा रविवार व सोमवार की मध्य रात को मां देवी के विशाल जागरण का आयोजन किया गया। जागरण का शुभारंभ गुरु मोनिका नायक ने अपने साथियों के साथ मां ज्वाला देवी की आरती पूजा करके किया। मां ज्वाला देवी के दरबार में आयोजित विशाल जागरण में आए हुए गायको ने मां देवी के गीत भजन सुना कर श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। श्रद्धालुओं ने झूम-झूम कर तालियां बजाई और जागरण का आनंद लिया। इस मौके पर अखिल भारतीय किन्नर समाज द्वारा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार मिश्रा, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष पूरन सिंह, सभासद सीताराम कपाड़िया, सभासद सत्यम अग्रवाल, मां ज्वाला देवी मेला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र सिंह बबलू तथा मां ज्वाला देवी मेला कमेटी के अध्यक्ष के प्रतिनिधि आदर्श सिंह चौहान को फूल माला पहनकर तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। इस मौके पर गुरु मोनिका नायक के अलावा श्रेया नायाक, जानवी नायाक, मुस्कान, आशा, सौम्या, वैष्णवी तथा पूजा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# भागवत कथा में भक्तों ने निकाली कलश यात्रा



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। नगर पंचायत ऊगू में स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर प्रांगण में सोमवार से प्रारम्भ हुई भागवत कथा में भक्तों द्वारा कलश यात्रा निकाली गई जो नगर भ्रमण करती हुई कामाख्या देवी मंदिर तक पहुंची और वापस नीलकंठ महादेव मंदिर आई। नगर स्थित नीलकंठ मंदिर में एक सप्ताह चलने वाली भागवत कथा का आयोजन नगर का तिवारी परिवार करा रहा है। भगवताचार्य बिल्हौर निवासी राम जी शुक्ल ने विधिविधान से पूजा पाठ के साथ भागवत कथा का शुभारंभ किया। पहले दिन उन्होंने भागवत कथा के महत्व पर प्रकाश डाला और भक्तों को ईश्वर की भक्ति विश्वास और श्रद्धा से करने को कहा। इस मौके पर नगर के लोग मौजूद रहे।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# अनुपम और रवि 'खोसला का घोसला 2' में साथ करेंगे काम

मुंबई। अनुपम खेर ने रविवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर भोजपुरी अभिनेता रवि किशन के साथ एक खास वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में अनुपम ने रवि के साथ अपनी आने वाली फिल्म की घोषणा भी की और साथ ही उनकी जमकर तारीफ की। इस पोस्ट में अनुपम खेर ने बताया कि रवि किशन अब फिल्म 'खोसला का घोसला 2' की टीम में शामिल हो गए हैं। अनुपम ने आगे लिखा, 'हमने पहले भी साथ काम किया है, लेकिन इस बार का काम बहुत खास होगा। मैं रवि को एक शानदार अभिनेता, मेहनती सांसद और सबसे ज्यादा एक अच्छे इंसान के रूप में बहुत पसंद करता हूं। वह शांत, विनम्र, दयालु, मदद करने वाले, ईमानदार और भारत से बहुत प्यार करने वाले व्यक्ति हैं।

लाइफ Style

# सारा अर्जुन

## दर्शकों को दिया धुरंधर की सफलता का श्रेय

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आदित्य धर की जासूसी थ्रिलर एक्शन फिल्म 'धुरंधर' की मुख्य अभिनेत्री सारा अर्जुन ने रविवार को सोशल मीडिया पर एक खास पोस्ट शेयर किया है। जो उनके सबसे खास धुरंधरों के बारे में है। सारा अर्जुन अपनी फिल्म 'धुरंधर' की जबरदस्त सफलता का आनंद ले रही हैं।

फिल्म में सारा ने यालिना जमाली का किरदार निभाया है। 'धुरंधर' बॉक्स ऑफिस पर 759 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन कर चुकी है। फिल्म की सफलता के बीच सारा ने अपने सबसे खास धुरंधरों के बारे में एक पोस्ट शेयर कर उनका शुक्रिया अदा किया है। सारा अर्जुन ने इंस्टाग्राम पर अपनी कई ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही एक खास नोट लिखा। 'धुरंधर' की शानदार सफलता के बीच, सारा ने इंस्टाग्राम पर एक भावपूर्ण नोट लिखकर दर्शकों को अपार प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। सारा ने लिखा, 'मेरे सबसे बड़े धुरंधर- दर्शक।' सारा ने आगे लिखा, 'लंबे समय से लोग कहते रहे हैं कि अब दर्शकों के पास लंबी कहानियों को देखने का धैर्य नहीं बचा है। उनका ध्यान जल्दी भटक जाता है और सिनेमा की जगह कम हो गई है। लेकिन आप सबने यह बात गलत साबित कर दिया कि जब लोग किसी चीज पर सच में विश्वास करते हैं, तो दर्शकों की ताकत कितनी बड़ी होती है।' सारा ने आगे लिखा, ''धुरंधर' की यह सफलता पूरी तरह आपकी वजह से है। आपका हर प्यार, आपका हर सपोर्ट इस फिल्म को आगे बढ़ाने में मददगार रहा। इसके लिए मैं जितना भी शुक्रिया कहूं, कम है।



हॉलीवुड मसाला



# ये हैं दुनिया का सबसे अमीर सितारा

लॉस एंजिल्स। दुनिया के सबसे अमीर स्टार्स की बात करें तो टॉम क्रूज, शाहरुख खान जैसे कई और नाम शामिल है। लेकिन आज हम आपको ऐसे स्टार के बारे में बताएंगे जिसमें हॉलीवुड या बॉलीवुड का कोई एक्टर नहीं, बल्कि एक अमेरिकी फिल्ममेकर का नाम है। हम जिस शख्स कि बात कर रहे हैं, वो अमेरिकी फिल्ममेकर जॉर्ज लुकास हैं। उन्होंने अपने कॅरियर में सिर्फ 6 फिल्में बनाई हैं। लेकिन, वह दुनिया के सबसे अमीर फिल्म सेलिब्रेटी हैं।




# वीक एंड पर आया 'अवतार 3' की कमाई में उछाल

मुंबई। इन दिनों थिएटर्स में बॉलीवुड फिल्में 'धुरंधर' और 'इक्कीस' लगी हुई हैं। इन हिंदी फिल्मों के बीच हॉलीवुड मूवी 'अवतार फायर एंड ऐश' भी भारतीय सिनेमाघरों में सजी है। फिल्म 'अवतार 3' भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 150 करोड़ क्लब में एंट्री ले चुकी है। यह फिल्म अपनी रिलीज के तीसरे वीक में है। ओपनिंग वीक में इस फिल्म ने 109.5 करोड़ रुपए कमाए थे। दूसरे सप्ताह में 50.7 करोड़ रुपएकमाए। शुक्रवार को 'अवतार 3' ने 3.4 करोड़ रुपए कमाए थे। शनिवार को 16वें दिन इसकी कमाई में एक बार फिर मामूली बढ़त दर्ज हुई है। फिल्म ने आज 3.87 करोड़ रुपए की कमाई की है। कुल मिलाकर अभी तक 'अवतार 3' ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 167.47 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। जेम्स फ्रांसिस कैमरून की फिल्म 'अवतार 3', 19 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।



# रणवीर-राहा की खास तस्वीर से फैंस खुश

मुंबई। आलिया भट्ट ने रविवार को अपनी रणबीर कपूर और बेटी राहा कपूर की एक खास तस्वीर सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। राहा की इस फोटो को देखकर फैंस बेहद खुश हो गए हैं। आलिया भट्ट इन दिनों अपने कई प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इसी बीच आलिया ने रविवार को एक खास तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर कर अपने फैंस को खुश कर दिया है। इस तस्वीर को आलिया ने 2026 के स्वागत के साथ शेयर किया है, जिसमें उनके साथ रणबीर और राहा भी नजर आ रहे हैं। आलिया ने इंस्टाग्राम पर नए साल के स्वागत में एक खास तस्वीर शेयर की है। यह तस्वीर समंदर किनारे की लग रही है। इस तस्वीर में रणबीर बेटी राहा को हवा में उठाए नजर आ रहे हैं और आलिया उन्हें चीयर करती दिखाई दे रही हैं।



# मम्मी-पापा बनने के बाद शूट पर साथ दिखे

मुंबई। कियारा आडवाणी ने हाल ही में एक प्यारी बेटी को जन्म दिया है। बेटी के जन्म के बाद कियारा अपने पति और एक्टर सिद्धार्थ के साथ पहली बार शूट पर नजर आईं। कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा ने 15 जुलाई 2025 को बेटी का स्वागत किया। उन्होंने नवंबर 2025 में उसका नाम साराया मल्होत्रा रखा। आज सिद्धार्थ और कियारा बेटी के जन्म के बाद फिर से एक साथ शूट पर नजर आए। कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा का एक वीडियमीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में कियारा और सिद्धार्थ को एक साथ ओबी वैन में जाते देखा गया। कियारा और सिद्धार्थ शायद किसी प्रोजेक्ट के लिए साथ आए हैं, इसका पता नहीं चल पाया है, लेकिन बेटी के जन्म के बाद दोनों को पहली बार साथ देखकर उनके फैंस बेहद खुश हैं।

टीवी मसाला



# जय- माही ने साझा पोस्ट के जरिए किया अलग होने का ऐलान

नई दिल्ली। अभिनेता जय भानुशाली और माही विज की शादी टूट चुकी है। दोनों की राहें जुदा हो गई हैं। आज रविवार को दोनों ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इसका एलान किया है। तलाक के एलान के बाद माही विज ने एक क्रिप्टिक पोस्ट किया है। माही विज और जय भानुशाली की शादीशुदा जिंदगी में अलगाव की खबरें काफी वक्त से चल रही थीं। रविवार को इन पर मुहर लग गई है। दोनों की राहें अलग हो गई हैं। जय और माही ने एक साझा सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अलग होने का ऐलान किया है। साथ ही यह भी कहा है कि वे अपने बच्चों की परवरिश साथ करेंगे। बच्चों के अभिभावक और अच्छे दोस्त बने रहेंगे। तलाक के ऐलान के कुछ देर बाद माही ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक अन्य पोस्ट शेयर किया है। माही विज ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी फोटोज शेयर की हैं। एक तस्वीर में वे चॉकलेट स्ट्रॉबेरी आइसक्रीम एंजॉय करती दिख रही हैं। इसके साथ उन्होंने 'द एक्सपोज रिटर्न' फिल्म का हिमेश रेशमिया का गाना 'आइसक्रीम खाऊंगी' बैकग्राउंड में लगाया है। ।इसके अलावा माही ने एक अन्य तस्वीर भी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की है। इसमें वे ब्लैक शॉर्ट्स और फिरोजी कलर का बैकलेस टॉप पहने पोज देती दिख रही हैं। माही विज ने जय से अलग होने के ऐलान से पहले एक अन्य पोस्ट भी इंस्टा स्टोरी पर शेयर किया था। इसमे लिखा था, 'ईश्वर की योजना। मैं यूनिवर्स पर विश्वास करूंगी'। जय भानुशाली और माही विज की शादी साल 2011 में हुई थी। साल 2017 में कपल ने अपने हाउस हेल्प के बच्चों राजवीर और खुशी को गोद लिया था। इसके दो साल बाद साल 2019 में माही ने बेटी तारा को जन्म दिया। सेपरेशन के एलान के साथ कपल ने यह स्पष्ट किया है कि अपने तीनों बच्चों की खातिर वे साथ रहेंगे।

## सुधा चंद्रन पर माता चढ़ीं, संभालना हुआ मुश्किल

नई दिल्ली। भारतीय टेलीविजन की प्रसिद्ध अभिनेत्री सुधा चंद्रन को किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आय है, जिसे देखने के बाद कोई भी हैरान हो जाएगा। इस वीडियो में सुधा को संभालना बेहद मुश्किल लग रहा है। यह किसी फिल्म या फिर टीवी सीरियल की शूटिंग नहीं है, बल्कि यह वीडियो माता की चौकी के दौरान का है। सुधा की हालत देखकर लग रहा है कि जैसे उन पर माता चढ़ गई है और वह खुद को कंट्रोल नहीं कर पा रही हैं। इस वीडियो में सुधा को सभी शांत करने की कोशिश कर रहे हैं और वहां पर मौजूद सभी के लिए उनको संभालना मुश्किल हो रहा है। एक्ट्रेस सुधा चंद्रन ने नागिन, क्योंकि सास भी कभी बहू थी, कस्तूरी और कहीं किसी रोज जैसे सीरियल में अपने किरदार से घर-घर में जगह बनाई है। वह एक शानदार डांसर हैं। उन्होंने 3 साल की उम्र से ही डांस सीखना शुरू कर दिया था। सुधा चंद्रन ने एक दुर्घटना में अपना पैर खोने के बाद कृत्रिम पैर के सहारे भरतनाट्यम नृत्यांगना और अभिनेत्री के रूप में वापसी की।



# राज, शम्मी और शशि के स्टारडम को आगे ले जाएंगे अगस्त्य नंदा

*नई दिल्ली। अगस्त्य नंदा इन दिनों अपनी फिल्म इक्कीस को लेकर चर्चा में हैं। ये बड़े पर्दे पर उनकी पहली फिल्म है, इसके पहले जोया अख्तर की फिल्म आर्चीज में वह नजर आए थे, जो नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। इक्कीस में अगस्त्य लीड रोल में नजर आने वाले हैं, फिल्म 1 जनवरी 2026 को रिलीज हो चुकी है। फिल्म में अगस्त्य ने उस युवा ऑफिसर का रोल निभाया है जो 21 साल की उम्र में लड़ते-लड़ते शहीद हो गए थे. अगस्त्य, सदी के महानायक अमिताभ बच्चन के नाती हैं। अगस्त्य की मां श्वेता बच्चन, अमिताभ बच्चन की बेटी हैं। लेकिन, कम ही लोग जानते हैं कि उनका राज कपूर के साथ भी रिश्ता हैं।*

## इक्कीस में एक्टिंग देख कर रणबीर से हो रही है तुलना



अगस्त्य नंदा अपने पिता की तरफ से राज कपूर से जुड़े हुए हैं। अगस्त्य के पिता, निखिल नंदा, रितु नंदा के बेटे हैं, जो लीजेंडरी एक्टर-डायरेक्टर राज कपूर की बेटी थीं। इस तरह अगस्त्य राज कपूर के परनाती हैं। यह रिश्ता अगस्त्य और उनकी बहन नव्या को मशहूर कपूर फिल्म परिवार से जोड़ता है। राज कपूर से अपने रिश्ते के जरिए वह रणबीर, करीना और करिश्मा कपूर से भी जुड़े हुए हैं। अगस्त्य रणबीर, करीना और करिश्मा कपूर के कजिन लगते हैं। इस तरह अगस्त्य कपूर फैमिली और बच्चन फैमिली दोनों से ही जुड़े हुए हैं।

**इक्कीस के बारे में**

इक्कीस सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल की कहानी है, जो देश के सबसे कम उम्र के परमवीर चक्र पाने वाले सैनिक थे। इस फिल्म में अगस्त्य ने अरुण का रोल किया हैं। इसमें धर्मेंद्र ने भी अपनी आखिरी परफॉर्मेंस दी हैं। इस फिल्म के जरिए धर्मेंद्र के फैंस उनकी आखिरी परफॉर्मेंस को देख पाएंगे और इस वजह से भी फिल्म काफी चर्चा में हैं। इक्कीस 1 जनवरी को भारत में 4000 स्क्रीन पर रिलीज हो चुकी है।

# भारत की टॉप 5 फिल्मों में शामिल हुई धुरंधर 800 करोड़ पार पहुंची कमाई

नई दिल्ली। रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर ने अब एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। फिल्म की कमाई 800 करोड़ पार पहुंच गई है। इसी के साथ फिल्म सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारत की टॉप 5 फिल्मों की लिस्ट में शामिल हो गई है। रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर दुनियाभर में शानदार कमाई कर रही है। इस फिल्म में सिर्फ 31 दिनों के अंदर ही कई ऐसे रिकॉर्ड बना लिए हैं जिसे तोड़ पाना किसी दूसरी फिल्म के लिए मुश्किल होने वाला है। धुरंधर अपनी रिलीज के बाद से लगातार शानदार कमाई कर रही है। फिल्म के गाने, कहानी और एक्टर्स की परफॉर्मेंस की सोशल मीडिया पर जमकर तारीफ हो रही है। इंडस्ट्री के कुछ दिग्गजों ने आदित्य धर के डायरेक्शन और रणवीर की मेहनत की तारीफ की है। अब फिल्म ने एक और रिकॉर्ड बना लिया है। फिल्म 800 करोड़ पार पहुंच गई है। जियो स्टूडियो ने एक पोस्ट शेयर करते हुए जानकारी दी कि फिल्म ने 806.80 करोड़ की कमाई कर ली है। पोस्ट में बताया गया है कि धुरंधर ने अपने पहले हफ्ते में 218 करोड़, दूसरे हफ्ते में सबसे ज्यादा 261.5 करोड़, तीसरे हफ्ते में 188.3 करोड़, चौथे हफ्ते में 115.70 करोड़, 29वें दिन 9.70 करोड़ और 30वें



दिन 12.60 करोड़ की कमाई कर अब तक कुल 806.80 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। बता दें, इसी के साथ फिल्म भारत की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली टॉप 5 फिल्मों में शामिल हो गई है। **Sacnilk** के मुताबिक इस लिस्ट में नंबर 1 पर आमिर खान की दंगल है, दूसरे नंबर पर बाहुबली 2, तीसरे नंबर पर अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2, चौथे नंबर पर **RRR** और अब पांचवें नंबर पर धुरंधर ने अपनी जगह बना ली है। आगे आने वाले दिनों में ये फिल्म जबरदस्त कमाई करने वाली है।

## शक्ति शालिनी, चामुंडा, भेड़िया 2, स्त्री 3 और महा मुंजा हैं शामिल

# ये हैं मैडॉक हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की आगामी फिल्में

### शक्ति शालिनी

फिल्म शक्ति शालिनी की घोषणा फिल्म थामा की रिलीज के वक्त की गई थी। यह फिल्म एक सुपरहीरो जैसी महिला किरदार की कहानी बताएगी। फिल्म में मुख्य भूमिका अनीत पड्डा निभाएंगी। यह हॉरर-कॉमेडी के साथ सुपरनैचुरल ताकतों वाली कहानी होगी। यह पहले 31 दिसंबर 2025 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे 24 दिसंबर 2026 को रिलीज किया जाएगा।

### चामुंडा

चामुंडा भी मैडॉक्स फिल्म का हिस्सा है। कथित तौर पर यह फिल्म देवी चामुंडा से इंस्पायर्ड लगती है। मुख्य भूमिका में आलिया भट्ट नजर आएंगी। विलेन के रोल में अक्षय कुमार नजर आएंगे। इसकी कहानी में डार्क हॉरर और मिस्ट्री ज्यादा होगी, और छोटे शहर में आतंक फैलाने वाली सुपरनैचुरल पावर पर फोकस किया जाएगा। यह फिल्म 4 दिसंबर 2026 को रिलीज होगी।

*नई दिल्ली। मैडॉक के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की कई फिल्में आने वाली हैं, जिनके किरदार आने वाली फिल्मों से एक-दूसरे से जुड़ते जाते हैं। इस लिस्ट में 'शक्ति शालिनी' से लेकर भेड़िया 2 तक कई फिल्में शामिल हैं। मैडॉक फिल्म्स की ज्यादातर फिल्में भारतीय लोककथाओं पर आधारित होती हैं, जिनमें स्त्री, भेड़िया, और मुंजा जैसी फिल्में शामिल हैं। शक्ति शालिनी, चामुंडा, भेड़िया 2, स्त्री 3, और महा मुंजा ये सब इसी यूनिवर्स का हिस्सा हैं।*




### भेड़िया 2

पहली भेड़िया में वरुण धवन वेयरवुल्फ बनते हैं। भेड़िया 2 में वो कहानी आगे बढ़ेगी। फिल्म में वरुण धवन भास्कर का रोल दोहराएंगे। इसमें हॉरर, कॉमेडी और पहले से ज्यादा एक्शन होगा। फिल्म का निर्देशन अमर कौशिक करेंगे। यह फिल्म 14 अगस्त 2026 को रिलीज हो सकती है।

### स्त्री 3

स्त्री और स्त्री 2 के सीक्वल, चंदेरी की रहस्यमयी स्त्री 3 में आगे की कहानी बढ़ेगी। फिल्म में श्रद्धा कपूर के अलावा राजकुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति खुराना भी नजर आ सकते हैं। इस बार सरकटा और 'स्त्री' के रहस्य पर ज्यादा फोकस किया जाएगा, यानी कि इस बार हॉरर-कॉमेडी का मजा दोगुना होगा। यह फिल्म 13 अगस्त 2027 को रिलीज हो सकती है।